www.epaper.azadsipahi.in

20 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 240

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

सोनिया गांधी चार दिन बाद हॉस्पिटल से डिस्चार्ज, पेट में संक्रमण के चलते एडमिट हुई थीं



ASSOTECH
NEXT GENERATION SPACES

RERA REGD No.:
JHRERA/PROJECT/50/2021

झारखंड, रांची का पहला
इंटीग्रेटेड टाउनशिप

ASSOTECH HILLS RANCHI
MORABADI
RANCHI'S FINEST, FULLY INTEGRATED TOWNSHIP
SECTOR-2
Tagore Hill Road, Adjoining Bank Colony, Boreya




**2.5 BHK**
Built up Area - 975 sq.ft.
Carpet Area - 646 sq.ft.

**3 BHK**
Built up Area - 1470 sq.ft.
Carpet Area - 969 sq.ft.

Assotech Hills Ranchi - 1
Best Affordable Housing Project in Jharkhand Awarded by
PMAY
Affordable Housing Awards
2025

ASSOTECH LEGACY - BUILDING TO BELONG | DELIVERING HOMES & HAPPINESS
• Over 45+ Projects Delivered • Presence in 6 States • 40,000+ Units Delivered

ASSOTECH SUN GROWTH ABODE LLP
Site & Office Address: Assotech Hills, Tagore Hill Road, Adjoining Bank Colony, Boreya, Ranchi-834006 | www.assotechhills.in

FOR MORE DETAILS:
+91 7673088000, +91 7280046425, +91 7280046421

MEMBER CREDAI

Follow us on

Disclaimer: The Information available in this advertisement is subject to change without any notice. Further our website(s) and other advertising and publicity material include artist impressions indicating the anticipated impression of appearance of completed development and do not constitute an offer, an invitation to offer and / or commitment / allurement of any nature between us and recipients. The developer makes no warranty, express or implied, nor assumes any legal liability or responsibility for the accuracy, correctness or use of any information contained herein, nor represents that its use would not infringe on privately owned rights. The buyers / customers are required to make independent verification to his / her satisfaction. The project is duly approved by Ranchi Municipal Corporations Vide Application No. RMC/AH/0139/W04/2019 Date 04/09/2020 and duly registered with JRERA vide Registration No.JHRERA/PROJECT/50/2021 dated 30/12/2020 as Assotech Hills,Sector-2. The Land is owned by Assotech Sun Growth Abode LLP. Our official website is www.assotechlimited.com .1sqmt.=10.76 Sqft. Terms & conditions apply.

www.epaper.azadsipahi.in

20 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 240

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीन देशों का दौरा पूरा, भारत लौटे



# इजराइल-इरान के बीच तनाव में रूस की इंट्री

## पुतिन ने चेताया अमेरिका ने दखल दिया तो गंभीर होगा परिणाम, चीन ने की शांति की अपील

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस ने गुरुवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि वह इरान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई न करे, क्योंकि अटकलें लगायी जा रही हैं कि अमेरिका, इजराइल के साथ युद्ध में शामिल हो सकता है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा, हम खास तौर पर वाशिंगटन को चेतावनी देना चाहते हैं कि वह इस स्थिति में कोई सैन्य दखल न दे। उन्होंने कहा कि ऐसा करना बहुत ही खतरनाक कदम होगा, जिसके पूरी तरह से अनपेक्षित और नुकसानदेह नतीजे हो सकते हैं।



**पुतिन और जिनपिंग ने इजराइली हमलों की निंदा की :** इससे पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इरान पर इजराइल के हवाई हमलों की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने सभी पक्षों से अपील की कि वे राजनयिक तरीके से यह विवाद सुलझायें और युद्ध को रोकें। शी जिनपिंग ने कहा, संघर्ष में शामिल पक्षों, खासकर इजराइल को तुरंत हमले बंद कर देने चाहिए, ताकि हालात और न बिगड़ें और युद्ध दूसरे क्षेत्रों में न फैले। क्रेमलिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने पत्रकारों से कहा कि दोनों देशों (रूस और चीन) का नजरिया एक जैसा है और दोनों ने इजराइल की कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। दोनों नेताओं ने यह बात भी मानी कि पश्चिम एशिया में युद्ध रोकना फिलहाल सबसे बड़ी प्राथमिकता है। शी जिनपिंग ने कहा, संघर्ष विराम और हमलों को रोकना सबसे जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय विवादों को हल करने का सही तरीका हथियार नहीं, बातचीत है।

**इजराइली रक्षा मंत्री ने खामनेई को दी चेतावनी :** पुतिन और जिनपिंग की यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब पश्चिम एशिया में हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। इजराइल और इरान के बीच सैन्य झड़पें लगातार बढ़ रही हैं। इसी तनाव के बीच गुरुवार को इरान ने जवाबी कार्रवाई में दक्षिणी इजराइल के सोरोका अस्पताल पर मिसाइल हमला किया। यह हमला बेहद गंभीर माना जा रहा है। वहीं इजराइली सेना (आइडीएफ) ने एक बयान में बताया कि हमारे कई ठिकानों पर मिसाइलों से हमले हुए। इनमें से एक मिसाइल ने दक्षिणी इजराइल के सबसे बड़े अस्पताल को भी निशाना बनाया। इस बारे में और जानकारी जल्द दी जायेगी। इस हमले के कुछ ही समय बाद इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने पहली बार सार्वजनिक रूप से इरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई को खत्म करने की धमकी दी। अब तक चले इस संघर्ष के दौरान उनकी ओर से यह सबसे सख्त बयान माना जा रहा है। काट्ज ने तेल अवीव के पास होलोन शहर में कहा, खामेनेई खुले तौर पर कहते हैं कि वह इजराइल का का खात्मा चाहते हैं। वह खुद अस्पतालों पर हमला करने का आदेश देते हैं। इजराइल को मिटाना उनके लिए एक लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा, ऐसे इंसान को अब और जीने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

इससे पहले, इजराइल ने इरान के अराक हेवी वॉटर रिएक्टर पर एक घातक हवाई हमला किया, जिससे दोनों देशों के बीच चल रहा टकराव अब सातवें दिन भी जारी है और यह अब और भी तेज हो गया है। हमले से पहले इजराइल ने सोशल मीडिया पर धमकी दी। उन्होंने उपग्रह (सैटेलाइट) से ली गयी तस्वीरें पोस्ट कीं। लक्ष्य बनाये गये रिएक्टर को लाल घेरे से घेरा गया था। आम नागरिकों से इलाका छोड़ने को कहा गया।

### झारखंड शराब घोटाले में एसीबी की छत्तीसगढ़ में बड़ी कार्रवाई

# रायपुर से सिद्धार्थ सिंघानिया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायपुर।** झारखंड में हुए करोड़ों के बहुचर्चित शराब घोटाले की जांच कर रही एसीबी की टीम ने छत्तीसगढ़ में बड़ी कार्रवाई करते हुए रायपुर के लाभांडी इलाके से कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को गिरफ्तार किया है। रायपुर कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर रांची ले जाया गया है। जांच एजेंसियों के अनुसार, सिद्धार्थ सिंघानिया इस पूरे शराब सिंडिकेट का बिचौलिया है। इडी को उसकी डायरी से कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिससे झारखंड-छत्तीसगढ़ के बीच फैले शराब नेटवर्क, पैसों के लेन-देन और साजिशों की परतें खुल रही हैं। पूरा मामला अब एसीबी जांच के दायरे में है।

**नीति में बदलाव से सिंडिकेट को लाभ :** सिंघानिया ने छत्तीसगढ़ के शराब सिंडिकेट के साथ मिलकर झारखंड में नेटवर्क फैलाया और नीतियों में फेरबदल कर मैनपावर सप्लाइ, होलोग्राम निर्माण और शराब आपूर्ति के ठेके करीबी लोगों को दिलवाये। छत्तीसगढ़ में इस मामले में सात सितंबर 2024 को एसीबी ने एफआइआर दर्ज की थी, जिसमें तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे, संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, वरिष्ठ आइएएस अनिल टुटेजा सहित कई अधिकारियों और कारोबारियों को आरोपी बनाया गया है।



**प्लेसमेंट एजेंसी में भी गड़बड़ी :** जांच में खुलासा हुआ है कि 310 शराब दुकानों के लिए मैनपावर सप्लाइ के ठेके में भारी अनियमितताएं हुईं। झारखंड में काम करने वाली एजेंसियां, सुमित फैसिलिटीज, इगल हंटर सॉल्यूसंश और एटूजेड इंफ्रा को छत्तीसगढ़ से जोड़ा गया। इन्हीं कंपनियों ने सिंघानिया को सब-कांट्रैक्ट दिया, जिसने पुराने ठेकेदारों के मैनपावर को ही नयी नियुक्ति के नाम पर बनाये रखा।

### झारखंड को हुआ है 38 करोड़ से अधिक का नुकसान

झारखंड एंटी करप्शन ब्यूरो की जांच में अब तक खुलासा हुआ है कि इस घोटाले से राज्य को 38 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है, जो जांच बढ़ने के साथ और भी बढ़ सकता है।

### छत्तीसगढ़ के कई कारोबारी रडार पर

छत्तीसगढ़ के सरोज लोहिया, बच्चा लोहिया, अतीमा खन्ना, भोपाल के मनीष जैन, पुणे के अजीत जयसिंह राव, अमित प्रभाकर सोलंकी और सुनील कुंभकर को पूछताछ के लिए नोटिस भेजे गये हैं। इनमें से कोई भी अभी तक जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुआ है। यदि आवश्यक हुआ, तो गिरफ्तारी वारंट जारी किये जा सकते हैं।

यह मामला झारखंड और छत्तीसगढ़ की शराब नीति में गहरे भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। आने वाले दिनों में और बड़े नाम जांच के दायरे में आ सकते हैं।

# नेक इरादा, निभा रहे वादा : हेमंत सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि सरकार का नेक इरादा है। हम वादा निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी के मार्गदर्शक स्वर्गीय कार्तिक उरांव के नाम से झारखंड की राजधानी रांची को सिरमटोली फ्लाइओवर समर्पित हुआ। राजधानी का यह फ़्लाइओवर आपके विश्वास का परिणाम है, जो आपने विकसित झारखंड के लिए हम पर जताया है। आगे लिखा है कि अबुआ सरकार में सपने हो रहे साकार।

### राहुल गांधी को जन्म दिन की बधाई दी

सीएम हेमंत सोरेन ने राहुल गांधी को उनके जन्मदिन की बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं और जोहार। मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

# आने वाले समय में अंग्रेजी बोलने में शर्म आयेगी : अमित शाह

भाषा विवाद के बीच गृह मंत्री बोले, अब बदलाव का समय

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्र की पहचान उसकी अपनी भाषा से होती है। भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विरासत को दोबारा प्राप्त करने और देशी भाषाओं पर गर्व के साथ दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया है।



**देश को समझने के लिए विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं :** शाह ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आयेगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है। केवल दृढ़ निश्चयी लोग ही बदलाव ला सकते हैं। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। अपनी भाषाओं के बिना हम सच्चे भारतीय नहीं हैं। अपने देश, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण का जिक्र किया। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाना, विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता, प्रत्येक नागरिक में कर्तव्य की भावना जगाना। उन्होंने कहा कि ये पांच प्रतिज्ञाएं देश के नागरिकों का संकल्प बन गयी हैं। 2047 के विकसित भारत की यात्रा में हमारी भाषाएं प्रमुख भूमिका निभायेंगी।

### प्रशासनिक प्रशिक्षण मॉडल में सहानुभूति को करना होगा शामिल

गृह मंत्री पूर्व आइएएस आशुतोष अग्निहोत्री की लिखी गयी पुस्तक 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' के विमोचन में गुरुवार को शामिल हुए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण मॉडल में सहानुभूति लाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि यह मॉडल ब्रिटिश काल से प्रेरित है, इसलिए यहां सहानुभूति की कोई जगह नहीं है। मेरा मानना है कि कोई शासक अगर सहानुभूति के बिना शासन करता है, तो वह अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता है।


# कैश केस: स्टोर रूम पर जज परिवार का ही कंट्रोल था

जांच पैनल का प्रस्ताव जस्टिस वर्मा को हटायें

64 पेज की रिपोर्ट सामने आयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से मिले कैश केस की जांच कर रहे पैनल की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आयी है। 64 पेज की रिपोर्ट में कहा गया है कि हाईकोर्ट जज यशवंत वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या एक्टिव कंट्रोल था। यहीं 14 मार्च की रात आग लगने के बाद बड़ी संख्या में अधजले नोट मिले थे।



पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे जस्टिस वर्मा के बुरे व्यवहार का पता चलता है, जो इतना गंभीर है कि उन्हें हटाया जाना चाहिए। घटना के समय जस्टिस वर्मा दिल्ली हाइकोर्ट के जज थे और अब इलाहाबाद हाइकोर्ट में कार्यरत हैं।

पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाले तीन जजों के पैनल ने 10 दिनों तक जांच की। 55 गवाहों से पूछताछ की और जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास का दौरा किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है, रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों को ध्यान में रखते हुए समिति इस बात पर सहमत है कि सीजेआइ के 22 मार्च के पत्र में लगाये गये आरोपों में पर्याप्त तथ्य हैं। आरोप इतने गंभीर हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कार्यवाही शुरू करनी चाहिए।

# कई मामलों में वांटेड निशु दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

जमशेदपुर का रहनेवाला है, बहरीन से लौट रहा था

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कई मामलों में वांछित निसार हसन उर्फ निशु को दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया है। निशु को गुरुवार सुबह उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वह बहरीन से दिल्ली पहुंचा था। एयरपोर्ट पर सुरक्षा कर्मियों ने उसे गिरफ्तार किया और जमशेदपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर जमशेदपुर पुलिस की एक टीम दिल्ली चली गयी। निशु ने एक वीडियो जारी कर कहा कि उसे दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अब उसे डर है कि कहीं जमशेदपुर पुलिस उसका एनकाउंटर ना कर दे। निशु पर जमशेदपुर में कई मामले दर्ज हैं। साल 2022 में गैंगस्टर गणेश सिंह पर बम से हुए हमले में भी वह शामिल रहा है। लंबे समय से फरार निशु रेड कॉर्नर नोटिस और लुकआउट सर्कुलर के तहत वांछित था। जैसे ही वह बहरीन से दिल्ली पहुंचा, एयरपोर्ट की इमिग्रेशन जांच में उसका नाम सुरक्षा एजेंसियों की सूची में आने पर उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया।

### दिल्ली पुलिस ने की पुष्टि, आरोपी का वायरल वीडियो आया सामने



गिरफ्तारी के बाद निशु ने एक वीडियो जारी कर दावा किया है कि उसे दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है और वह भारत सरकार की न्याय प्रणाली में विश्वास करता है। वीडियो में उसने यह भी कहा कि उसे डर है कि जमशेदपुर पुलिस उसे एनकाउंटर में मार सकती है। उसका यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है और इस पर कई सवाल भी उठ रहे हैं। वीडियो में निशु कहता है, मैं बहरीन से भारत लौटा हूं मुझे दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मैं कानून में विश्वास करता हूं। लेकिन मुझे डर है कि जमशेदपुर पुलिस मुझे झूठे एनकाउंटर में मार सकती है। मैं न्याय चाहता हूं, मैं सरेंडर कर रहा हूं। इस बयान ने मामले को नया मोड़ दे दिया है। हालांकि जमशेदपुर पुलिस ने इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### बम हमले की थी बड़ी साजिश निशु मुख्य मास्टरमाइंड

उल्लेखनीय है कि 2022 में सोनारी क्षेत्र में गैंगस्टर गणेश सिंह पर बम से हमला किया गया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हुआ था। इस हमले के पीछे आपराधिक वर्चस्व और अवैध वसूली को लेकर गैंगवार की बात सामने आयी थी। जांच में पता चला कि इस हमले की पूरी साजिश निसार हसन उर्फ निशु ने विदेश में रहते हुए रची थी। उसने अपने गुर्गों के माध्यम से हमले को अंजाम दिलाया और फिर बहरीन भाग गया था। पुलिस ने तब निशु के खिलाफ आइपीसी की धारा 307 (हत्या की कोशिश), 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र), विस्फोटक अधिनियम और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था। उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया गया था।

### लंबे समय से था फरार, पुलिस की विशेष टीम ने किया ट्रैक

निशु की गिरफ्तारी को लेकर जमशेदपुर पुलिस ने काफी समय से निगरानी रखी हुई थी। उसके बहरीन में होने की पुष्टि होने के बाद इंटरपोल और भारत की इमिग्रेशन एजेंसियों के माध्यम से ट्रैकिंग की जा रही थी। जैसे ही उसे भारत लौटने की जानकारी मिली, एजेंसियों ने तुरंत सक्रिय होकर दिल्ली एयरपोर्ट पर उसे दबोच लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार निशु की गिरफ्तारी के साथ ही बम हमले से जुड़ी कई परतें खुल सकती हैं। पुलिस को आशंका है कि इस हमले में और भी बाहरी नेटवर्क या फंडिंग एजेंसियों की भूमिका हो सकती है।

# इडी का बिहार-झारखंड में कई ठिकानों पर छापा

## बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा और नीट के पेपर लीक मामले में हुई कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/पटना।** पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गुरुवार को बड़ा एक्शन लिया। इडी ने बिहार-झारखंड के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई द्वारा की गयी जांच के आधार पर दर्ज मनी लांड्रिंग केस के तहत की गयी। बिहार में बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक को लेकर छापा पड़ा, तो झारखंड में नीट पेपर लीक के मामले में दबिश डाली गयी। दो राज्यो में एक साथ इडी की रेड से पटना से लेकर रांची तक हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक पटना में डॉक्टर शिव नाम के एक आरोपी के ठिकाने पर इडी की टीम ने सर्च ऑपरेशन किया। वहीं रांची में सिकंदर प्रसाद यादवेंदु के घर भी छापेमारी की गयी। दोनों पर पेपर लीक गैंग से सीधे तौर पर जुड़े होने का संदेह है। बता दें कि सिकंदर यादवेंदु बिहार में जूनियर इंजीनियर के पद पर बहाल हुए थे। पेपर लीक में मामले में फिलहाल वह जमानत पर बाहर हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पेपर लीक गैंग के प्रमुख रहे संजीव मुखिया के कई रिश्तेदारों के यहां भी छापा पड़ा है। इडी की टीमें सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई में जुटी हुई हैं। यूपी की राजधानी लखनऊ और पश्चिम बंगाल के कोलकाता में भी रेड पड़ी। यहां संजीव मुखिया के कुछ रिश्तेदार और दोस्त रहते हैं। उधर नालंदा में नगरनौसा के गोसाइमठ में इडी ने संदीप कुमार के घर पर रेड डाली। संजीव मुखिया के करीबी के ठिकानों पर भी छापेमारी हुई है।



www.epaper.azadsipahi.in

20 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 240

अहमदाबाद प्लेन हादसा
एअर इंडिया ड्रीमलाइनर
का ब्लैक बॉक्स
अमेरिका भेजा जायेगा



**SMD TRADERS**
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची

हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता

जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?.................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे

संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

# पानी-पानी हुआ झारखंड

- राज्य के कई जिलों में रेड और ऑरेंज अलर्ट
- घरों में घुसा पानी, पुल टूटे, डैमों के गेट खोले गये
- अलग-अलग घटनाओं में 10 लोगों की मौत, दो दर्जन घायल
- रांची समेत कई जिलों में आज भी सभी स्कूल बंद रहेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में पिछले 48 घंटे से हो रही लगातार बारिश ने तबाही मचा दी है। लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहरों में सड़कों पर जल जमाव है। निचले इलाकों में पानी घुस गया है। पुल बह गये हैं। ग्रामीण क्षेत्र में भारी भर गचया है। कई घर ढह गये हैं। कई जगहों पर फंसे लोगों के रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ की टीमें उतारनी पड़ी हैं। अलग-अलग हादसों में 10 लोगों की मौत हो गयी है, वहीं दो दर्जन लोग घायल हैं। राज्य की ज्यादातर नदियां उफान पर हैं और कुछ जगहों पर बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गयी है। लोगों से अपील की गयी है कि आवश्यक कार्य न हो, तो शुक्रवार तक घरों से बाहर न निकलें। सरकार ने बुधवार को ही रांची, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी और गुमला जिले में रेड अलर्ट और रामगढ़, कोडरमा, चतरा, पलामू और गढ़वा में ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया था। रांची समेत कई जिलों में दूसरे दिन शुक्रवार को भी स्कूलों को बंद करने की घोषणा कर दी गयी है।

**जोन्हा फॉल में शिक्षक के डूबने से मौत:** भारी बारिश के बीच माइकल घोष अपने दो मित्र पंकज श्रीवास्तव और ऋत्विक सामंता के साथ गुरुवार को जोन्हा फटल घूमने गये थे। माइकल घोष पानी की तेज बहाव में बह गये।

**सिमडेगा-खूंटी मार्ग पर पुल बहा :** सिमडेगा-खूंटी के बीच बनई नदी पर बना पुल बारिश की वजह से ध्वस्त हो गया। जिससे सिमडेगा के रास्ते ओड़िशा का संपर्क भंग हो गया है। लातेहार के बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में एक ट्रक पानी के साथ बहकर नदी में जा गिरा। हजारीबाग के बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में पानी भरी सड़क पर एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें 10 लोग घायल हो गये। चक्रधरपुर में बारिश से एक मिट्टी का मकान गिरने से महिला की मौत हो गयी। वहीं, तीन बच्चे घायल हैं। चान्हो के बढ़ईया में दीवार गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गयी।

**खूंटी में दो बच्चों की मौत:** खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड में एक अर्धनिर्मित कुएं की मिट्टी धंसने से पास में खेल रहे दो बच्चे अंदर समा गये। गुरुवार को दोनों बच्चों का शव कुएं से निकाला गया। मृत बच्चों की पहचान अमित हुन्नी पूर्ति और आशीष टोपनो के रूप में हुई है। वहीं, अड़की में सोनपुर और डोरेया के बीच करकरी नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण निमार्णाधीन पुल पर छह मजदूर फंस गये थे। वे बुधवार पूरी रात पुल पर ही फंसे रहे। इन्हें गुरुवार को निकाला गया।



## रिम्स के बेसमेंट में घुसा पानी, कई घर और दुकानों में जलभराव

रांची में बारिश की वजह से शहरी क्षेत्र में जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रिम्स के बेसमेंट में भी पानी भर गया है। वहीं शहर के निचले इलाकों के घरों और दुकानों में पानी घुस गया है। स्वर्णरेखा नदी के उफान पर होने के चलते सतीघाट मंदिर डूब गया है। इटकी में चचगुरा से भंडरा सड़क का डायवर्सन ही बह गया है, जिससे दर्जनों गांव का संपर्क टूट गया है। तमाड़ के मुरपा गांव में भारी बारिश के कारण मिट्टी से बना एक मकान ढहने से 10 वर्षीय एक लड़की की भी मौत हो गयी। नामकुम थाना क्षेत्र के सपाही नदी के आसपास के इलाके पानी में डूब गये हैं।

## 30 से 40 किमी की रफ्तार से चल सकती है हवा

झारखंड में लगातार हो रही बारिश ने डैम को भी विकराल बना दिया है। चांडिल का फाटक खोल दिया गया है। जिससे नदियों में जल स्तचर बढ़ा है और तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा है। इसी तरह गेतलसूद डैम का भी जल्सतर बढ़ गया है। मौसम विभाग ने 20 जून को भी राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना जतायी है। कुछ स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी उम्मीद है। विभाग के मुताबिक 24 जून तक झारखंड के विभिन्न हिस्सों में वज्रपात के साथ बारिश जारी रह सकती है।

## बारिश से अस्त-व्यस्त जीवन एक नजर में

- जोन्हा फॉल घूमने गये डीपीएस स्कूल के म्यूजिक टीचर की डूबने से मौत।
- खूंटी जिले के मुरहू अर्धनिर्मित कुएं की मिट्टी धंसने से दो बच्चों की मौत
- खूंटी के अड़की थाना क्षेत्र में करकरी नदी पर अचानक जल स्तर बढ़ने से छह मजदूर फंस गये, उन्हें गुरुवार को रेस्क्यू किया गया।
- सिमडेगा-खूंटी के बीच पेलोल गांव में बनई नदी पर बना पुल बारिश की वजह से ध्वस्त, आवाजाही बंद।
- चान्हो के बढ़इया में दीवार गिरने से एक बुजुर्ग की मौत।
- रांची के रिम्स के बेसमेंट में भी पानी भरा।
- इटकी में चचगुरा से भंडरा सड़क का डाइवर्जन ही बहा, गांव का संपर्क टूटा।
- चक्रधरपुर में मिट्टी का मकान गिरने से महिला की मौत।
- स्वर्णरेखा नदी के उफान के चलते सतीघाट मंदिर डूबा।
- तमाड़ में मट्टी के मकान ढहने से 10 वर्षीय लड़की की मौत।
- रामगढ़ के रजरप्पा में भारी बारिश से भैरवी नदी में उफान की वजह से कई दुकानें डूबीं।
- हजारीबाग के बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में एक बस दुर्घटनाग्रस्त,10 लोग घायल।

# लोगों का हेल्थ प्रोफाइल हो रहा तैयार ताकि समुचित इलाज हो सके: हेमंत सोरेन

विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस के अवसर पर यूनिसेफ के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सिकल सेल पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हुए संक्रमितों को बेहतर जीवन देने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि इस बीमारी का असर सिर्फ मरीज को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार को महसूस होता है। मुख्यमंत्री गुरुवार को विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस के अवसर पर यूनिसेफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने सिकल सेल के प्रति जन जागरूकता फैलाने पर जोर देते हुए कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से ही इस बीमारी का उन्मूलन संभव है।

हेमंत ने कहा कि सिकल सेल से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग और अन्य माध्यमों से कार्य किया जा रहे हैं। इसमें यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। लोगों का हेल्थ प्रोफाइल तैयार किया जा रहा है, ताकि विभिन्न बीमारियों से संक्रमित लोगों की पहचान कर उनका समुचित इलाज किया जा सके। हमारा प्रयास आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन देना है। उन्होंने कहा कि हेल्थ प्रोफाइल के डेटा को एक नियत समय पर अपडेट करते रहना चाहिए।

**स्क्रीनिंग बढ़ाने की है जरूरत:** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बीमारी की प्रारंभिक पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के लिए स्क्रीनिंग को बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि लोगों को पता ही नहीं होता है कि वे इस बीमारी से पीड़ित हैं। ऐसे में जाने-अनजाने वे इसे अगली पीढ़ी में स्थापित कर सकते हैं। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लोगों का स्क्रीनिंग किया जाना चाहिये। जिन लोगों में इस बीमारी के लक्षण पाये जायें, उनकी काउंसलिंग कर जांच दवाइयां और अन्य सुविधाएं उन्हें उपलब्ध करायी जाये।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:** इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार , स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के अलावा यूनिसेफ झारखंड प्रमुख डॉ कनीनिका मित्र समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## सिकल सेल को एक बीमारी कहना उचित नहीं

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सिकल सेल से प्रभावित आतिया कौशर, स्नेहा तिर्की, सान्या परवीन, विमला कुमारी और अब्दुल हकीम अंसारी से संवाद कर उनकी बीमारी और उससे होने वाली परेशानियों और चल रहे इलाज की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वे सिकल सेल को एक बीमारी कहना उचित नहीं मानते हैं। फिर भी इस संक्रमण से प्रभावित लोगों का इलाज और अन्य समस्याओं का समाधान तभी संभव होगा, जब वे अपनी बातें तथा परेशानियों को खुलकर रखेंगे। उन्होंने कहा कि सिकल सेल के प्रभावितों को हतोत्साहित होने की जरूरत नहीं है। वे पूरे हौसले और ताकत के साथ अपने दैनिक गतिविधियों और कार्यों को करते रहें। इस बीमारी से निजात दिलाने की दिशा में सरकार समुचित कदम उठा रही है।

**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
- 2 YEARS M.Sc. Nursing
- 2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
- 4 YEARS B.Sc. Nursing
- 3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
- 2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
- 4 YEARS BMLT
- 2 YEARS DMLT
- 2 YEARS OT ASSISTANT
- 2 YEARS ECG
- 2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
- 2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
- 2 YEARS RADIO-IMAGING
- 2 YEARS ANESTHESIA TECH.
- 1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
- 2 YEARS D-PHARM
- 4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

RCU
# RAMCHANDRA CHANDRAVANSI UNIVERSITY
Established by Government of Jharkhand, Act No. 10,2018 & Approved by the UGC U/S 2(f) of UGC Act, 1956

Admission Open 2025
Visit us at
www.rcu.edu.in

Apply Now

Approval & Recognition

Shri Ramchandra Chandravanshi
Chairman - RCWT



For Admission Call : +91-7481034518, +91-7464034524, +91- 7482034501

SALIENT FEATURES
- Most updated and Modern Laboratories.
- Experienced and Motivated Faculty.
- Classrooms / Smart Classrooms.
- Transport facility for students & staff.
- Wi-Fi- enable campus
- On campus ATM and Bank Facility.
- Excellent indoor and outdoor stadiums for games & fitness.
- Training & Placement Cell .
- Industrial Visit.
- Gymnasium facility.

100% Placement Assistance
100+ Acres of Lush Green Campus
25+ Innovation Labs
Campus Planned for 10000+ Students
Wi-Fi Campus
450 Beded Hospital
450+ Faculty



Inspiring Minds...
Transforming Lives...

COURSES OFFERED

Our Summer Trainers and Recruiters

FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech. (Bachelor of Technology)
- ME • EE • CSE • ECE • CE

Lateral Entry
M.Tech. (Master of Technology)
- CE • CSE • ME • ECE • EE
- Ph.D

Polytechnic (Diploma in Engineering)
- ME • EEE • CE

UNIVERSITY DEPARTMENT OF ENGINEERING
- ME & Planning • CS & IT
- CE in Structural

FACULTY OF MEDICINE
- MBBS • D. Pharma
- BHMS • B. Pharma
- B.Sc Nursing • B.Sc. M.L.T.
- PB B.Sc. Nursing • DMLT
- M.Sc. Nursing • O.T. Technician
- ANM* • X-Ray Technician
- GNM* • Dresser

FACULTY OF EDUCATION
- B.Ed. • B.P.Ed. • M.Ed.
- Ph.D • D.El.Ed**

FACULTY OF ARTS & HUMANITIES
- B.A. (4 Y) • M.A. (All Subject)
- B.Lib • M.Lib • Ph.D

FACULTY OF SCIENCE
- B.Sc. (4 Y) • M.Sc. (All Subject)
- B.C.A. (4 Y) • M.C.A.
- PGDCA • Ph.D

FACULTY OF COMMERCE & MANAGEMENT
- B.Com. (4 Y) • M.Com.
- B.B.A. (4 Y) • M.B.A.
- INTEGRATED MBA
- MBA IN HOSPITAL MGMT.
- M.A.R.D. • Ph.D

Note:- Ph.D admissions (A.Y. 2024-25) going on as per revised UGC Norms.



Campus : Bishrampur, Palamu 822132 - Jharkhand Email : info@rcu.edu.in
Follow us on:

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# गौ सेवा आयोग एक विजन के तहत आगे बढ़ रहा : शिल्पी नेहा तिर्की

## दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का मंत्री शिल्पी ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची स्थित पशुपालन भवन में झारखंड गौ सेवा आयोग द्वारा पारिस्थितिक संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में उभरती चुनौतियों और संभावनाओं विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया।

यह पहला अवसर है जब राज्य में इस विषय पर राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसमें गोवा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं।



इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मनुष्य से प्रेम आम बात हो सकती है, लेकिन पशु से प्रेम व्यक्ति के व्यवहार और सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा निस्वार्थ भावना से की जानी चाहिए और झारखंड गौ सेवा आयोग इस दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पास एक स्पष्ट विजन है और वे केवल पद नहीं सुशोभित कर रहे, बल्कि वास्तविक कार्य कर रहे हैं।

मंत्री ने बताया कि झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जो पशुओं के आहार के लिए प्रतिदिन 100 रुपये का भुगतान करता है, जबकि अन्य राज्यों में यह राशि 30 से 40 रुपये तक सीमित है। राज्य सरकार पूरे वर्ष की राशि का भुगतान करती है। उन्होंने कहा कि राज्य की निबंधित गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर सरकार का विशेष जोर है। पिछले वित्तीय वर्ष में इन गौशालाओं को ढाई करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। गौशाला में तैयार बायो फर्टिलाइजर की सरकारी खरीद का प्रस्ताव भी विचाराधीन है। कार्यशाला में शामिल प्रतिनिधियों को मंत्री ने सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि सरकार उनके सुझावों पर गंभीरता से विचार करने को तैयार है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य की गौशालाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार हरसंभव मदद करेगी।

विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दीकी ने कहा कि यह कार्यशाला पहली बार आयोजित की जा रही है और इसका उद्देश्य गौ सेवा व संरक्षण को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि गौशालाओं को अधिक वित्तीय अधिकार देने की दिशा में विभाग ने तैयारी कर ली है और संबंधित संचिका भी तैयार की जा चुकी है।

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि देशभर से गौ सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रतिनिधियों का इस कार्यशाला में जुटान हुआ है। उन्होंने कहा कि गौ संवर्धन और संरक्षण के क्षेत्र में राज्य की पहचान बनाना हम सभी का लक्ष्य है। चुनौतियों के बावजूद हम आगे बढ़ेंगे और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कार्य योजना तैयार की जायेगी।

पूर्व सांसद डॉ वल्लभभाई कथिरिया ने कहा कि झारखंड के पशुपालक गौ सेवा के क्षेत्र में एंबेसडर की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए सरकार विभिन्न विभागों के तालमेल से दूध, गौ मूत्र और गोबर से बने उत्पादों को बढ़ावा दे सकती है। कार्यशाला में आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। यह कार्यशाला 20 जून तक विभिन्न सत्रों में जारी रहेगी।

# केंद्र सरकार की उपेक्षा के बाद भी राज्य आत्मनिर्भर बनेगा : राधा कृष्ण किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के उद्यमी प्रभात टेकरीवाल की कंपनी मोनोलिथिश इंडिया लिमिटेड का आइपीओ गुरुवार को एनएसइ में लिस्टिंग हो गया। होटल बीएनआर में आयोजित लिस्टिंग समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने घंटी बजाकर आइपीओ लिस्टिंग की घोषणा की। इस अवसर पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड के लिए गौरव की बात है कि यहां के उद्यमी की कंपनी के आइपीओ का नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग हो गया। इससे कंपनी को कैपिटल मार्केट में एक प्लेटफार्म मिल गया। मुझे आशा है कि यह कंपनी आगे चलकर तेजी से विकास करेगी। उन्होंने कहा कि टैक्स की हिस्सेदारी में केंद्र सरकार का रवैया झारखंड के साथ सही नहीं है। केंद्र झारखंड को उसके हिस्से का पैसा नहीं दे रही है। जिससे कई योजनाएं प्रभावित हुई हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संकल्प है कि राज्य के ही टैक्स से झारखंड को आत्मनिर्भर बनायेंगे। ताकि केंद्र के आगे हाथ फैलाना नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि लघु उद्योगों को सहयोग के मामले में बैंकों का प्रदर्शन बहुत खराब है, इसे बदलने की जरूरत है। उन्होंने



कहा कि मोनोलिथिश कंपनी अच्छा कार्य कर रही है। झारखंड सरकार की ओर से इस कंपनी को हर प्रकार का सहयोग किया जायेगा।

एनएसइ के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कृष्णन अय्यर ने कहा कि कैपिटल मार्केट में इस कंपनी का आना झारखंड के लिए अच्छी बात है। कंपनी का मुख्य ग्राहक देश के पूर्वी क्षेत्र के हैं। लिस्टिंग होने के बाद कंपनी को पूंजी एकत्र करने में लाभ होगा। जिसका फायदा ग्राहकों को भी मिलेगा। हेम सिक्योरिटीज के डायरेक्टर गौरव जैन ने कहा कि शुरूआती दौर में ही शेयर के लिए करीब 2 लाख आवेदन आ गये हैं। कंपनी के सीएफओ प्रभात टेकरीवाल ने कहा कि कैपिटल मार्केट में आने का उद्देश्य कंपनी का तेजी से विकास करना और इससे जुड़े लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचाना। यह कार्य सभी के सहयोग से सफल हुआ है। यह कंपनी बंगाल में है, जिसका मुख्यालय रांची है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर हर्ष टेकरीवाल ने बताया कि मोनोलिथिश इंडिया लिमिटेड औद्योगिक रिफ्रेक्टरी सामग्रियों के क्षेत्र में गुणवत्ता और विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए समर्पित कंपनी है। हम विशेष रैमिंग मास के निर्माण और आपूर्ति में लगे हुए हैं। यह एक महत्वपूर्ण ऊष्मा इंसुलेशन और अस्तर सामग्री है। जिसका उपयोग लोहा, इस्पात और ढलाई संयंत्रों में प्रेरण भट्टियों में एक रिफ्रेक्टरी सामग्री के रूप में किया जाता है। हमारा उत्पाद टर्नस दक्षता और सुरक्षा बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारी कंपनी एकीकृत इस्पात विनिर्माण इकाइयों में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। कंपनी देश में सबसे प्रतिष्ठित द्वितीयक इस्पात निमार्ताओं में से एक है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृतिश टेकरीवाल, शर्मिला टेकरीवाल, प्रकाश टेकरीवाल एवं तारा देवी सहित कई उद्यमी उपस्थित थे।

# राज्य का एकमात्र होम्योपैथिक कॉलेज बर्बाद होने की ओर अग्रसर: अजय साह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने गोड्डा के राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की अव्यवस्था और इसकी मान्यता पर मंडरा रहे संकट को लेकर गहरी चिंता जतायी है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार की लापरवाही और संवेदनहीनता के चलते यह संस्थान अपने अस्तित्व और पहचान दोनों को खोने की कगार पर है। अजय साह ने कहा कि कॉलेज में स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति नहीं हो पायी है, जिससे संस्थान में प्रशासनिक कार्य ठप हैं। कॉलेज में 42 स्वीकृत पदों के मुकाबले मात्र 8-10 शिक्षक



कार्यरत हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगाता है। कॉलेज में छात्रावास की बेहद कमी है। इंटर्न हॉस्टल के अभाव में छात्रों को प्रतिदिन 40 किलोमीटर दूर गोड्डा शहर से कॉलेज तक आना-जाना पड़ता है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों को 10 हजार मासिक स्टाइपेंड दिया जा रहा है, जो आयुष मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के विपरीत है। इसके अलावा छात्रों को यह नाममात्र राशि भी समय पर नहीं मिलती, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। यदि यह स्थिति बनी रही, तो केंद्रीय होम्योपैथी परिषद द्वारा इस कॉलेज की मान्यता कभी भी रद्द की जा सकती है। राज्य सरकार की लापरवाही ने इस संस्थान को बर्बादी के रास्ते पर लाकर खड़ा किया है।

# भाजपा ने स्वास्थ्य का गड्ढा खोदा हमने उसी गड्ढे पर स्वास्थ्य की इमारत खड़ी कर दी : डॉ तनुज खत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने गोड्डा होम्योपैथिक कॉलेज को लेकर भाजपा द्वारा की गयी बयानबाजी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। डॉ तनुज ने कहा कि भाजपा की राजनीति अब झूठ और दिखावे पर आधारित है। जो पार्टी अपने शासनकाल में स्वास्थ्य व्यवस्था को वेंटिलेटर पर छोड़ गयी, वह आज नैतिकता का पाठ पढ़ा रही है यह पूरी तरह पाखंड है। जब भाजपा झारखंड की सत्ता में थी, तब राज्य के सबसे बड़े अस्पतालों में मरीज जमीन पर खाना खाने को मजबूर थे। ऑक्सीजन की कमी से जानें गयीं और अस्पतालों में बुनियादी



सुविधाओं का घोर अभाव था। स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह चरमरा गयी थी और भाजपा नेतृत्व केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस और प्रचार तक सीमित था। उन्होंने कहा कि गोड्डा होम्योपैथिक कॉलेज के लिए राज्य सरकार ने बजट स्वीकृत किया है। शिक्षक बहाली, छात्रावास की व्यवस्था, इंटर्न स्टाइपेंड की समीक्षा और अधोसंरचना विकास जैसे मुद्दों पर गंभीरता से काम चल रहा है। भाजपा ने जहां गड्ढा खोदा, वहीं से हेमंत सरकार ने स्वस्थ झारखंड की नींव रखनी शुरू की है। आयुष और होम्योपैथी चिकित्सा को सशक्त करने के लिए जरूरी कदम उठाये गये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को सलाह है कि वे जनता को गुमराह करने की बजाय अपने कार्यकाल की हकीकत का सामना करें। झारखंड की जनता अब सब समझ चुकी है और झामुमो की सरकार को काम और इमानदारी के आधार पर समर्थन दे रही है।

# हाइकोर्ट में सुरक्षा उपकरणों की आपूर्तिकर्ता फर्म का क्रय आदेश रद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर बिना टेंडर के हाइकोर्ट में सुरक्षा उपकरणों को लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय ने खरीदारी की। साथ ही इन उपकरणों की जांच नहीं की। सुरक्षा जांच में चार उपकरणों में से तीन उपकरण फेल कर दिये गये हैं।

इस पर पुलिस मुख्यालय ने अपना पक्ष रखा है और सुरक्षा उपकरण के आपूर्तिकर्ता फर्म का क्रय आदेश को रद कर दिया है। साथ ही उन उपकरणों को संकलित करने का आदेश दिया है। पुलिस मुख्यालय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सुरक्षा उपकरणों को हाइकोर्ट में नहीं लगाये गये हैं। हाइकोर्ट की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस मुख्यालय कृत संकल्पित है। सुरक्षा उपरणों के क्रय हेतु आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है।

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पूर्व में नवनिर्मित हाइकोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नन लाइनर जंक्शन डिटेक्टर 01, एक्सप्लोसिव वेपर डिटेक्टर, डीप सर्च मेटल डिटेक्टर और अंडर व्हीकल सर्च मिरर की मांग की गयी है। इन उपकरणों की खरीद के लिए जेम पोर्टल पर एवं अन्य माध्यम से क्रय का आदेश दिया गया था। इसके बाद ही संबंधित फर्म द्वारा सुरक्षा उपकरणों की आपूर्ति की गयी।

# सुरक्षा उपकरणों की खरीद में गड़बड़ी का आरोप

## डीजीपी ने कमेटी गठित कर जांच का आदेश दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में सुरक्षा उपकरणों की खरीद में गड़बड़ी के आरोपों की जांच के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने एक कमेटी गठित करते हुए जांच का आदेश दिया है। डीजीपी ने कहा है कि सभी आरोपों की गहन जांच कर 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट दें। जांच टीम में आइजी मानवाधिकार नरेंद्र कुमार सिंह, डीआइजी प्रोविजन पटेल मयूर कन्हैयालाल, डीआइजी झारखंड जगुआर इंद्रजीत महथा व डीआइजी विशेष शाखा मनोज रतन चोथे शामिल हैं। सुरक्षा उपकरणों की खरीद में गड़बड़ी मामले के शिकायतकर्ता इस जांच टीम के सदस्यों से वरिष्ठ हैं और आइजी रैंक के अधिकारी हैं। शिकायतकर्ता आइजी पंकज कंबोज ने अपने वरिष्ठ एडीजी रैंक के तीन अधिकारियों पर गड़बड़ी का आरोप लगाया है। ऐसी स्थिति में जांच करने वाले जूनियर अधिकारी कितनी पारदर्शिता से जांच कर पायेंगे, इसे लेकर विभाग में तरह-तरह की चर्चा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पिछले तीन साल में पुलिस मुख्यालय के स्तर से जितने टेंडर हुए, उनमें कुछ खास कंपनियों को ही सुरक्षा उपकरणों की आपूर्ति का काम



मिला। इन कंपनियों में अरिहंत ट्रेडिंग, कापरी काप, लाइफ लाइन व जेसी माइकल इनकारपोरेशन हैं। जीएस इंटरप्राइजेज को टायर आपूर्ति का टेंडर आवंटित हुआ। फर्नीचर, टेबल, कंप्यूटर व लैपटाप की खरीद में भी अनियमितता सामने आया है। आउटडेटेड कंप्यूटर झारखंड पुलिस ने नये माडल की कीमत पर खरीदा। ऐसे आरोपों की लंबी सूची है, जिसे जांच समिति को सत्यापन कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है। सुरक्षा उपकरणों की खरीद में गड़बड़ी मामले में आइजी पंकज कंबोज ने अपने सीनियरों व सरकार को रिपोर्ट दी थी। उक्त अधिकारी ने ही पूरे मामले की जांच की अनुशंसा की थी। उन्होंने बताया था कि पुलिस मुख्यालय ने सुरक्षा उपकरणों की खरीद दो से चार गुणा कीमत पर की गयी है। इसमें पुलिस मुख्यालय के कुछ अधिकारी व कर्मी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एक्स-रे बैगेज की खरीद में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। जिस एक्स-रे बैगेज को हिमाचल पुलिस ने दस लाख रुपये में, यूपी पुलिस ने 12 लाख में खरीदा, उसी एक्स-रे बैगेज झारखंड पुलिस ने 24 लाख रुपये में खरीदा था। इतना ही नहीं, बिना टेंडर के ही नाइट विजन डिवाइस की खरीदारी की गयी है। झारखंड पुलिस ने कपरी काप नाम की कंपनी से दस नाइट विजन डिवाइस खरीदी थी और इसके बदले में झारखंड पुलिस ने कंपनी को करीब 1.50 करोड़ रुपये का भुगतान किया था।

# पुलिस ने उच्च न्यायालय के लिए खरीदे गये उपकरणों की निम्न क्वालिटी को स्वीकार किया : प्रतुल शाहदेव

**अविलंब उच्च न्यायालय की सुरक्षा में अत्याधुनिक उपकरण लगाये जायें**

**समय-समय पर सुरक्षा उपकरणों को अपग्रेड करना अति आवश्यक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत सरकार के पुलिस विभाग ने भाजपा के द्वारा उच्च न्यायालय के सुरक्षा के लिए खरीदे गये घटिया उपकरणों के आरोप को स्वीकार कर लिया है। प्रतुल ने कहा खुद पुलिस ने यह माना कि इस उपकरण के खरीदारी के लिए टेंडर ना कर जेम पोर्टल एवं अन्य माध्यमों का सहारा लिया था।



यह अन्य माध्यम क्या है, इसको स्पष्ट नहीं किया गया। प्रतुल ने कहा कि बदलते टेक्नोलॉजी के युग में सुरक्षा उपकरणों को भी हमेशा अपग्रेड किया जाता है। पुलिस ने इसकी आवश्यकता समझी होगी तभी लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व उच्च न्यायालय के लिए उपकरणों की खरीदारी हुई। जब खरीदारी के बाद एक वर्ष पूर्व ही इन उपकरणों को बेकार पाया गया तो फिर उच्च न्यायालय के लिए तुरंत नये उपकरणों की खरीदारी क्यों नहीं हुई? प्रतुल ने कहा पुलिस मान रही है कि घटिया उपकरण करने वाले आपूर्तिकर्ता के आर्डर को रद्द कर दिया गया है तो फिर इस आपूर्तिकर्ता पर कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं हुई? ये स्पष्ट रूप से कहा गया था कि ये सुरक्षा उपकरण उच्च न्यायालय के लिए खरीदे गये थे। फिर टेक्निकल रिपोर्ट आने के 1 वर्ष के बाद भी नये उपकरणों की अविलंब उच्च न्यायालय के लिए आपूर्ति क्यों नहीं की गयी? प्रतुल ने राज्य सरकार और झारखंड पुलिस से आग्रह किया कि वह अविलंब झारखंड उच्च न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जो भी कदम उठाने की आवश्यकता है,वह उठायें।

# जेएसएलपीएस के नव नियुक्त मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने संभाल पदभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएसएलपीएस के नव नियुक्त मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने गुरुवार को राज्य कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य परिचालन पदाधिकारी ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मौके पर जेएसएलपीएस के राज्य स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



# राहुल गांधी का पूरा ध्यान ग्राम और निकाय स्तर के संगठन पर : के राजू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने नियुक्त जिला पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में गुरुवार को हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी के राजू ने संगठन और आगामी निकाय चुनाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के दौरान के राजू ने कहा कि राहुल गांधी का पूरा ध्यान ग्राम और निकाय स्तर के संगठन पर रहता है। कांग्रेस को नीचे के स्तर पर मजबूत करना होगा। प्रखंड और जिला स्तर पर संगठन मजबूत होता है, लेकिन



कांग्रेस की कमजोरी है कि जमीनी स्तर पर हम कमजोर हैं। इसके कारण हम अपनी बातों को पूरी तरह जनता के पास नहीं पहुंच पाते। पंचायत स्तर पर संगठन मजबूत नहीं होने के कारण लोकसभा विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर 10 से 50 के बीच कांग्रेस समर्थक मतदाता मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच पाये।

इसके कारण हम कई सीटों पर बहुत कम मतों के अंतर से चुनाव हारे। उन्होंने उपस्थित पर्यवेक्षकों से कहा कि प्रथम चरण में छूटे हुए प्रखंड अध्यक्षों को झारखंड एप में रजिस्टर्ड करना है और मंडल अध्यक्षों को भी रजिस्टर्ड कर प्रखंड अध्यक्ष, पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित करना है। 214 प्रखंड अध्यक्ष एप में रजिस्टर हो चुके हैं। शेष को भी जोड़ना है। हमें संगठन को चुनावी अभियान के तहत तैयार करना होगा, पंचायत स्तर पर संगठन होने से हम बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति कर सकते हैं जो किसी भी बूथ पर मतदाता पंजीकरण का एक अहम हिस्सा होता है।

उन्होंने कहा कि बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति चुनाव आयोग की ओर से राजनीतिक दलों की अनुशंसा पर किया जाता है जो चुनावी प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। चुनाव के लगभग छह माह पूर्व मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू होती है। इसलिए पंचायत स्तर और वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत करना है।

बैठक में बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, प्रदीप बालमुचू, केएन त्रिपाठी, बादल पत्रलेख, भीम कुमार, अजय दुबे, अशोक चौधरी, बृजेंद्र प्रसाद सिंह, बलजीत सिंह बेदी, श्यामल किशोर सिंह, डॉ राजेश गुप्ता, योगेंद्र साहू, सुल्तान अहमद, विनय सिन्हा दीपू, प्रदीप तुलस्यान, रमा खलको, कुमार राजा सहित अन्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 20 जून, 2025
www.azadsipahi.in
05

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक, दिये सख्त निर्देश

# अवैध खनन और परिवहन पर लगायें अंकुश : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने गुरुवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिले में अवैध खनन और परिवहन पर पूरी तरह से अंकुश लगाने का निर्देश दिया। एसपी अजय कुमार की मौजूदगी में डीसी ने सभी अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को इस निर्देश का अनुपालन तत्काल करने को कहा। सबसे पहले डीएमओ निशांत अभिषेक के द्वारा अवैध खनन की विरुद्ध किए जा रहे कार्यों की जानकारी डीसी और एसपी को दी गई। चितरपुर प्रखण्ड के भुचुंगडीह क्षेत्र में स्थित अवैध मुहानों में लगी आग की जानकारी दी गई। डीसी के जरिये एसपी सहित अन्य अधिकारियों के साथ गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई।



### अवैध खनन के खिलाफ हो कार्रवाई

डीसी ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करें। संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। साथ ही अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### बालू खनन पर रोक लगायें अधिकारी

डीसी ने बैठक के दौरान डीसी और एसपी ने बालू के अवैध खनन पर भी रोक लगाने को कहा। उन्होंने सभी अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि बालू घाट पर होने वाले अवैध खनन के खिलाफ लगातार जांच अभियान चलायें।

# लगातार बारिश से दामोदर भैरवी नदी में आया उफान

## रजरप्पा मंदिर की 50 से अधिक झोपडीनुमा दुकानें जलमग्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा/रामगढ़।** मौसम विभाग ने 72 घंटे का रेड अलर्ट जारी किया है। रामगढ़ में पिछले 36 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। इस वजह से दामोदर और भैरवी नदी उफान पर है। इसके अलावा कई नदियों में भी अचानक पानी भर गया है। रामगढ़ जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से नदी की तरफ नहीं जाने की अपील जारी की है। दामोदर में पानी इतना अधिक भर गया है की रजरप्पा में दो नदियों का संगम बन गया है। यहां दामोदर और भैरवी नदी का जलस्तर एक बराबर हो गया है। रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका दरबार में भी लगने वाले दुकानों को लोगों ने हटा लिया है। 50 से अधिक दुकानों में पानी भर गया है। यहां तक की दामोदर नदी का जलस्तर तांत्रिक घाट तक पहुंच गया है।



### पतरातू में भगत सिंह चौक जलमग्न



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू शहरी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को जम कर बारिश हुई। इससे नदी नालों में जलस्तर में काफी वृद्धि हुई। वहीं खेत लबालब भर गये हैं। इस बारिश में जयनगर रोड स्टेशन रोड, पतरातू टेकर स्टैंड जलमग्न हो गया। साथ ही पतरातू का हृदय स्थल भगत सिंह चौक पर भी जलमग्न हो गया। बारिश से चौक-चौराहे के दुकानों, मकानों और गलियों में पानी भर गया। पतरातू डैम के कर्चमेंट एरिया में बारिश होते रहने से पतरातू डैम का जलस्तर भी काफी बढ़ गया है।


**सूचना**

**स्थानीय खरीद के लिए विक्रेताओं के पैनल के लिए दर अनुबंध में प्रवेश**

सं. LP/Empanel/25-27/MEDRNC001B दिनांक: 18.06.2025

**दवाइयों, शल्य चिकित्सा और चिकित्सकीय उपभोग योग्य सामग्रियों की स्थानीय खरीद (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/रांची के कार्यालय के नकद अग्रिम से) के लिए विक्रेताओं के पैनल के लिए दर अनुबंध में प्रवेश हेतु** निविदा। ऑनलाइन (आईआरईपीएस के माध्यम से) बोलियां प्रतिष्ठित दवा आपूर्तिकर्ताओं/फार्मेसी खुदरा विक्रेताओं/दुकानों/फर्मों/वितरकों से खुदरा खरीद के आधार पर मंडल रेलवे अस्पताल/रांची/दक्षिण पूर्व रेलवे के लिए दवाओं, सर्जिकल वस्तुओं और चिकित्सकीय उपभोग योग्य सामग्रियों की स्थानीय खरीद (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/रांची के कार्यालय के नकद अग्रिम से) के लिए विक्रेताओं के पैनल के लिए दर अनुबंध में प्रवेश के लिए निविदा आमंत्रित की जाती हैं। औसत खरीद मूल्य 37.02 लाख रुपये/वर्ष (लगभग) है। इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं/विक्रेताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस **खुली निविदा संख्या: MEDRNC001B, समापन तिथि 08/07/2025** में भाग लें। विवरण/दिशानिर्देशों के लिए वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in/** में निविदा के साथ अपलोड किए गए बोली दस्तावेजों का पालन करें। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, इस तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

(PR-291) मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


### आदिवासी आवासीय विद्यालय के छात्रावास से किस्कू लापता



मांडू (आजाद सिपाही)। अनुसूचित जनजाति आदिवासी आवासीय बालक विद्यालय के छात्रावास से बुधवार की शाम कक्षा एक का छात्र लापता हो गया हैं। छात्र के लापता होने की सूचना स्कूल प्रबंधन ने परिजनों को दी है। साथ ही स्कूल प्रबंधन ने अपने स्तर से आसपास के क्षत्रों में खोजबीन ती, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन ने छात्र के लापता होने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी है। बताया जाता है कि छात्र रितेश किस्कू पिता रवेल किस्कू ग्राम खपिया थाना गिद्दी जिला हजारीबाग का रहने वाला है। कुछ दिन पहले ही विद्यालय में नामांकन हुआ था।

### तीन मकान ध्वस्त

हंटरगंज/ चतरा । प्रखंड के पंचायत कोबना कौलेश्वरी डाहा में बारिश के कारण तीन मकान गिर कर ध्वस्त हो गया। भारी बारिश से मेदवाड़ीह में पक्की सड़क के किनारे मिट्टी बहने से खाई बन गया, जिससे बड़ी अनहोनी होने का डर बना हुआ हैं

### सड़क मरम्मत की मांग

कुंदा (चतरा)। मूसलाधार बारिश से प्रखंड क्षेत्र के मेदवाडीह गांव में पक्की सड़क के किनारे की मिट्टी बह जाने से खाई बन गया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से इसकी मरम्मत की मांग की है। मौके पर नरेश यादव, कुलदीप यादव, संजय मिस्त्री, गुड्डू मिस्त्री, बलराम मिस्त्री, कमलेश यादव, अशोक यादव, हरिनाथ यादव, लखन गंझू के अलावा कई ग्रामीण मौजूद थे।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Series No. 23-24/VI 26362 Date:17/06/2025 I, Ayush Singh S/o Ashok Singh, resident of Vill-Rukka, P.O.+I P.S. Ormanjhi, Dist. Ranchi-835219 Jharkhand. do hereby solemnly affirm & declare as follows:-
1. That my actual and correct name is Ayush Singh according to my Matriculation Certificate.
2. That I am the holder of Adhar Card No. 7939 8100 5021 where in my name is mentioned as Guddu Singh, which is wrong, correct name will be Ayush Singh.
3. That I want to change my name from Guddu Singh to Ayush Singh in my fresh Adhar Card hence this affidavit.
4. That the statement made here in above are true & correct.
Sworn & signed this affidavit on 17.06.2025 at Ranchi.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Series No. 23-24/V1 26365 Date:17/06/2025 I, Devnti Devi W/o Ganesh Munda, R/o Naya Toli, Aanandi, P.O.+P.S. Ormanjhi, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835219, do hereby solemnly affirm & declare as follows:-
1. That my actual and correct name is Devnti Devi according to my Voter Id Card No. BBD4 269858.
2. That I am the holder of Adhar Card No. 2093 8746 7852 where in my name is mentioned as Damayanti Kumari, it is wrong, it should be Devnti Devi.
3. That I want to change my name from Damayanti Kumari to Devnti Devi in my corrected Adhar Card hence I am doing this affidavit.
4. That the statements made here in above are true & correct.
Sworn & signed this affidavit on 17.06.2025 at Ranchi.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Series No. 23-24/V1 26364 Date:17/06/2025 I, Suganti Devi W/o Ajay Kumar Bhuiyan R/o Village Kerso, P.O. Barhi, P.S. Barhi, Dist. Hazaribagh-825405, Jharkhand. do hereby solemnly affirm & declare as follows:-
1. That my correct and actual name is Suganti Devi according my Voter Id Card No. DTP7519804.
2. That I am the holder of Adhar Card No. 2700 8358 7386 sherein my name is mentioned Alisha, it is wrong, it should be Suganti Devi.
3. That I want to change my name from Alisha to Suganti Devi in my corrected Adhar Card hence this affidavit.
4. That the statements made here in above are true & correct.
Sworn & signed this affidavit on 17.06.2025 at Ranchi.

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 940 दिनांक 18.06.2025 के अनुसार, मैं बिनोद प्रसाद पिता - स्व० सखी चन्द साव श्रेणी- सामान्य पेशा - गृहस्ती स्थायी निवास ग्राम गोला सुन्डी मोहल्ला थाना गोला जिला रामगढ (झारखण्ड) राष्ट्रीयता - भारतीय शपथपूर्वक निम्न बयान करता हूँ कि - यह कि मौजा-डभातु थाना नं० 25 थाना-गोला जिला-रामगढ़ अन्तर्गत खाता नं० 38 प्लॉट नं० 85 रकवा 90 डिसमील जमीन बजरीये केवाला खरीदगी दस्तावेज नम्बर 4125 सन 1946 ईस्वी को आवेदक के पिता सखी चन्द साहु के नाम से हांसील जमीन हैं। उक्त केवाला में मेरे पिता का नाम सखी चन्द साहु अंकित है।
3. यह कि उपरोक्त जमीन के जमावंदी अंचल कार्यालय गोला के राजस्व पंजी 2 के भोलुम नम्बर 1 के पृष्ट संख्या 98 पर मेरे पिता सखी चन्द साहु के नाम से जमावंदी कायम है। 4 यह कि मेरा आधार नम्बर xxxxxxxx 6352 है एवं PAN-AEGPP9863E है आधार कार्ड में एवं PAN कार्ड में मेरे पिता का नाम सखी चन्द साव अंकित है।
5 यह कि सखी चन्द साहु उर्फ सखी चन्द साव दोनो नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो मेरे पिता हैं मेरे पिता का स्वर्गवास हो चुका है। 6. यह कि मैं यह शपथ पत्र उपरोक्त जमीन के केवाला दस्तावेज के निष्पादन हेतू दे रहा हूँ ताकि उपरोक्त जमीन के बिक्री के मेल हेतू अंचल गोला में दे रहा हूँ ताकि किसी तरह का कोई कानूनी अडचन वो परेशानी नहीं हो।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 9911 दिनांक 31.05.2025 के अनुसार, मैं सोहन सिंह मुण्डा पिता- इन्द्रजीत सिंह मुण्डा, निवास ग्राम- सुन्दरूप, पोस्ट- पंडाडीह, थाना- सोनाहातु, जिला- राँची (झारखण्ड) का स्थायी निवासी हूँ निम्नलिखित ब्यान शपथ पूर्वक करता हूँ जो मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है :- 1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूँ एवं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि आशिष सिंह मुण्डा (ASHISH SINGH MUNDA) मेरा पुत्र है तथा इसकी माता का नाम उर्मिला देवी है।
3. यह कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा निर्गत आधार कार्ड संख्या-4881 5851 7560 में मेरा पुत्र का नाम संतोष सिंह मुण्डा (SANTOSH SINGH MUNDA) दर्ज है जो गलत गलत है । 4. यह कि मेरा पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम आशिष सिंह मुण्डा ( ASHISH SINGH MUNDA) है ।
5. यह कि मैं अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत कर लिया है। जन्म प्रमाण-पत्र संख्या-B20252003594000001 दिनांक 08/02/2025 है । 6. यह कि उक्त प्रमाण-पत्र में मेरा पुत्र का नाम आशिष सिंह मुण्डा ( ASHISH SINGH MUNDA) दर्ज है जो सही है ।
7. यह कि मैं उक्त आधार कार्ड में सुधार कर अपना पुत्र का सही नाम आशिष सिंह मुण्डा (ASHISH SINGH MUNDA) दर्ज करना चाहता हूँ ।
8. यह कि यह शपथ-पत्र मैं अपना पुत्र का आधार कार्ड में नाम सुधार हेतु संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु कर रहा हूँ ।





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

### सांसद संजय सेठ ने व्यवस्था पर उठाये सवाल

# नगर निगम की अकर्मण्यता के कारण जलमग्न हुई रांची

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नगर निगम के अक्रर्मण्यता के कारण रांची आज चारों तरफ से पानी-पानी हुई है। हर तरफ घर दुकान डुबी हुइ हैं। कई मोहल्ले जलमग्न हो चुके हैं। भीषण बारिश के बीच दर्जनों मोहल्ले को देखा। यह स्पष्ट देखने को मिला कि यह नगर निगम की अक्रर्मण्यता है। रांची के लोगों का जीवन नरकीय बन गया है। उक्त बातें रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को रांची शहर के कई मोहल्ले का भ्रमण करने के बाद कही। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी रांची की स्थिति देखकर नगर निगम को आगाह किया था परंतु यह दुर्भाग्य है कि 1 साल के बाद भी नगर निगम ने कोई कदम नहीं उठाया। श्री सेठ ने कहा कि रांची की ऐसी नरकीय स्थिति का एक बड़ा कारण नगर निगम का चुनाव नहीं होना भी है। चुनाव

**निकाय चुनाव नहीं होना और अतिक्रमण भी है इस भयावह स्थिति की वजह**



होने के उपरांत संबंधित वार्ड सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की देखरेख और साफ-सफाई की जिम्मेदारी लेते हैं। इसके परिणाम स्वरूप जल जमाव नहीं हो पता है परंतु चुनाव नहीं होने से पूरी व्यवस्था चरमरा गयी है। यह सोचने वाली बात है कि पहाड़ी इलाका रांची जलमग्न कैसे हो रहा है?

श्री सेठ ने कहा कि जहां-तहां बड़े-बड़े नालों पर अतिक्रमण भी जल जमाव का एक बड़ा कारण बन चुका है। अतिक्रमण हटाने में नगर निगम की थोड़ी भी रुचि नहीं दिखती है। बड़े-बड़े नालों की सफाई नहीं हो पाती है, जिस वजह से कई मोहल्ले डूबे हुए हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि नगर निगम के पास शहर की साफ सफाई व विकास कार्य को पैसे नहीं हैं। जब भी किसी योजना को लेकर नगर निगम से बात की जाती है तो यही कहा जाता है कि उसके लिए नगर विकास विभाग को लिखा गया है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। नगर निगम के पास पैसे का नहीं होना भी रांची की नरकीय स्थिति का एक बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन रांचीवासियों की चिंता करे और प्राथमिकता के आधार पर इस दिशा में काम शुरू होना चाहिए।



गुरुवार को विकास भारती रांची में केंद्रीय कपड़ा उद्योग मंत्री गिरिराज सिंह से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पद्मश्री अशोक भगत ने मुलाकात की।

# रबींद्रनाथ महतो ने धनेश्वर सिंह राय की पुस्तक उद्गार का विमोचन किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रबींद्रनाथ महतो अध्यक्ष झारखंड विधानसभा ने गुरुवार को धनेश्वर सिंह राय की पुस्तक उद्गार का अपने कार्यालय कक्ष में विमोचन किया। कवि धनेश्वर सिंह राय झारखंड के संथाल परगना से आते हैं। वे काल कवि के रूप में भी अपनी प्रसिद्धि हासिल की है। अध्यक्ष ने कहा कि धनेश्वर लंबे समय से अपने लेखनी कार्य से जुड़े हुए हैं। इस प्रदेश के प्रति उनकी संवेदनाएं उनके लेखनी में झलकती है। उनके कृषि कार्य से जुड़े होने के बावजूद उनके अनेक पुस्तक प्रकाशित हो चुके हैं ये काफी हर्ष का विषय है। धनेश्वर सिंह राय की पुस्तक उद्गार काव्य संग्रह के साथ साथ समसामयिक विषयों पर लेखों का भी संग्रह है। इस पुस्तक कि दूसरे अध्याय में प्रकाशित कविता रवि प्रकाश पुंज हैं वस्तुतः अध्यक्ष को समर्पित है। अध्यक्ष ने धनेश्वर सिंह राय की लेखनी की प्रशंसा की और आगे भी लेखन कार्य से जुड़े रहने के लिए उन्हें शुभकामनाएं भी दिये।

# अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग और आम्र्रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन 21-22 जून को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आगामी 21 जून और 22 जून को पुराने विधानसभा के सभागार में अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग और आम्र्रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जो कि (बिष्ट क्लासिक) के नाम से जाना जाता है। इस प्रतियोगिता में चीफ गेस्ट समाजसेवी मुकेश नायक और टाइगर संदीप नायक होंगे। प्रतियोगियों में नकद पुरस्कार के साथ -साथ अन्य आकषर्क पुरस्कार वितरित किये जायेंगे। ये प्रतियोगिता मुख्य रूप से झारखंड राज्य के सीनियर पावरलिफ्टर के द्वारा संचालित की जाती है। वहीं मुकेश नायक ने कहा कि राज्य के



खिलाड़ियों को पुरस्कार अपने हाथों से देंगे। वहीं टाइगर संदीप नायक ने कहा कि पावरलिफटिंग से भी करियर बनाया जा सकता है ये भी हमारे स्पोट्र्स में है। खिलाड़ियों में काबिलियत हो तो आसानी से सरकारी नौकरी भी पावरलिफ्टिंग खेल से मिल सकती है और इस खेल में शारीरिक मानसिक संतुलन भी बेहतर होता है। ये सब खेल हमारे युवाओं को प्रेरित करते हैं।

# धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का जन्म दिवस रांची के करमटोली स्थित प्रेस क्लब में गुरुवार को केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू और अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित अन्य नेताओं ने राहुल गांधी के स्वास्थ्य और दीघार्यु होने की कामना की। राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर देश की जनता के लिए उठाये गये मुद्दों, किये गये संघर्षों और उनके भाषण के ऑडियो विजुअल प्रदर्शित किया गया। इसके बाद चेशायर होम में



लोगों के बीच फल वितरित किया गया। इस अवसर पर बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदीप बलमुचू, सुबोधकांत सहाय, पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर उरांव, ममता देवी, रविंद्र सिंह, संजय लाल पासवान, शमशेर आलम, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, संजय पांडेय, लाल किशोर नाथ शाहदेव, सोनाल शांति उपस्थित थे।

# भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण देश भर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनायेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** खान मंत्रालय के अधीन भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआइ) 21 जून को देश भर में भागीदारी के साथ 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आइडीवाइ) मनाने के लिए तैयार है। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग को चिह्नित करते हुए, जीएसआइ ने अपने कर्मियों और जनता के बीच समग्र स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 46 स्थानों पर 50 कार्यक्रमों की योजना बनायी है। प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, जीएसआइ कोलकाता में अपने केंद्रीय मुख्यालय, क्षेत्रीय और राज्य इकाई कार्यालयों, 12 भू-विरासत स्थलों, 6 ड्रिलिंग फील्ड कैंपों और 3 प्रशिक्षण केंद्रों में निर्देशित योग सत्र आयोजित करेगा। इस पहल में जीएसआइ कर्मियों, स्कूली छात्रों और स्थानीय समुदायों के सदस्यों सहित 3,000 से अधिक

**भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण भारत भर में 50 कार्यक्रमों के साथ 2025 के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयार है**

प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। जीएसआइ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए 1-दिवसीय उलटी गिनती कार्यक्रम में भी भाग लेगा, जो केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जीकिशन रेड्डी के साथ लाइव योग सत्र है, जो 20 जून 2025 को हैदराबाद में होने वाला है। इस समन्वित पहल के माध्यम से, जीएसआइ स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, साथ ही अपने वैज्ञानिक समुदाय और व्यापक जनता के बीच जागरूकता और भागीदारी को बढ़ावा देता है, जो योग के सिद्धांतों और अभ्यास को आगे बढ़ाने के दृष्टिकोण के साथ संरेखित है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के बारे में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआइ) की स्थापना 1851 में मुख्य रूप से रेलवे के लिए कोयला भंडार खोजने के लिए की गयी थी। पिछले कुछ वर्षों में, जीएस1 न केवल देश के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक भू-विज्ञान सूचनाओं के भंडार के रूप में विकसित हुआ है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ख्याति के भू-वैज्ञानिक संगठन का दर्जा भी प्राप्त किया है। इसके मुख्य कार्य राष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक सूचनाओं और खनिज संसाधन मूल्यांकन को बनाने और अद्यतन करने से संबंधित हैं। इन उद्देश्यों को जमीनी सर्वेक्षण, हवाई और समुद्री सर्वेक्षण, खनिज पूर्वेक्षण और जांच, बहु-विषयक भूवैज्ञानिक, भू-तकनीकी, भू-पर्यावरण और प्राकृतिक खतरों के अध्ययन, हिमनद विज्ञान, भूकंप-विवर्तनिक अध्ययन और मौलिक अनुसंधान के माध्यम से प्राप्त किया जाता है।

# वित्त विभाग और स्वानिति इनिशिएटिव के बीच एमओयू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ने स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाते हुए गुरुवार को नेपाल हाउस स्थित योजना भवन सभागार में एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। यह समझौता योजना एवं वित्त विकास विभाग, झारखंड सरकार और स्वानिति इनिशिएटिव के बीच हुआ, जिसका उद्देश्य है राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में शून्य कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करने के लिए एक सशक्त ढांचा तैयार करना है। एमओयू में योजना एवं विकास विभाग की ओर से संयुक्त सचिव अनिलसन लकड़ा और स्वानिति इनिशिएटिव की ओर से ट्रस्टी उमा भट्टाचार्य ने हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर योजना एवं वित्त विकास विभाग मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि झारखंड कोयला आधारित विद्युत उत्पादन में अग्रणी है। लेकिन अब समय है कि हम ऊर्जा के स्वच्छ और सतत स्त्रोतों की ओर बढ़ें। एमओयू की यह पहल, राज्य के भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन के लिए मील का पत्थर होगा। मंत्री ने योजना विभाग को मदर ऑफ ऑल डिपार्टमेंट्स बताते हुए विभाग की इस पहल की सराहना की। और इसे झारखंड के सर्वांगीण विकास से जोड़ा। उन्होंने कहा कि यह फ्रेमवर्क झारखंड को भारत में पहला ऐसा राज्य बनायेगा। जहां यह मॉडल लागू होगा। राज्य को एशिया का पहला ऐसा राज्य बनायेगा। जो एनर्जी ट्रांजेशन रेडीनेस इंडेक्स के साथ शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में लक्ष्य को पूरा करेगा। इस अवसर पर विभाग के सचिव मुकेश कुमार, विशेष सचिव राजीव रंजन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# पाटलिपुत्र और गोरखपुर के मध्य वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन आज

**पाटलिपुत्र और गोरखपुर के मध्य किया जायेगा नियमित परिचालन 22 से**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-बापूधाम मोतिहारी -नरकटियागंज के रास्ते पाटलिपुत्र और गोरखपुर के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरी सुविधाओं से युक्त सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा 20 जून को



पाटलिपुत्र और गोरखपुर के मध्य चलने वाली वंदे भारत ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 03210 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। 20 जून को गाड़ी सं. 03210 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत उद्घाटन स्पेशल पाटलिपुत्र नाम से 11.50 बजे खुलकर 12.30 बजे हाजीपुर, 13.35 बजे मुजफ्फरपुर, 15.20 बजे बापूधाम मोतिहारी, 15.40 बजे सगौली, 16.20 बजे बेतिया, 17.10 नरकटियागंज, 18.10 बजे बगहा एवं 20.10 बजे कप्तानगंज रूकते हुए 21.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। 22 जून से गाडी सं. 26502/26501 गोरखपुर-पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन का नियमित परिचालन किया जायेगा। यह ट्रेन गोरखपुर और पाटलिपुत्र से शनिवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 26502 गोरखपुर-पाटलिपुत्र वंदे भारत एक्सप्रेस गोरखपुर से 05.40 बजे खुलकर 06.24 बजे कप्तानगंज, 07.30 बजे बगहा, 08.03 बजे नरकटियागंज, 08.35 बजे बेतिया, 08.50 सगौली, 09.08 बजे बापूधाम मोतिहारी, 10.50 बजे मुजफ्फरपुर, 11.40 बजे हाजीपुर रूकते हुए 12.45 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 26501 पाटलिपुत्र-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस पाटलिपुत्र से 15.30 बजे खुलकर 16.08 बजे हाजीपुर, 17.00 बजे मुजफ्फरपुर, 18.23 बजे बापूधाम मोतिहारी, 18.43 बजे सगौली, 19.00 बजे बेतिया, 19.33 नरकटियागंज, 20.02 बजे बगहा एवं 21.38 बजे कप्तानगंज रूकते हुए 22.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### विवेकानंद विद्या मंदिर स्कूल की राशि में गबन के दो आरोपी गिरफ्तार



रांची (आजाद सिपाही)। एचइसी परिसर स्थित श्रीरामकृष्ण सेवा संघ द्वारा संचालित विवेकानंद विद्या मंदिर स्कूल की राशि के गबन के आरोपी तत्कालीन कोषाध्यक्ष मलय कुमार नंदी और उपाध्यक्ष आदित्य बनर्जी को चुटिया थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेज दिया है। उक्त दोनों व्यक्तियों पर चुटिया थाना में केस संख्या-130/2022 दर्ज है। मामले में पुलिस एक आरोपी ठेकेदार राजेश सिंह को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। वह जेल में बंद है। गौरतलब है कि स्कूल प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष तन्मय मुखर्जी द्वारा विद्यालय भवन के निर्माण में अनियमितता बरतने और राशि के गबन का आरोप लगाते हुए प्राथमिक दर्ज करायी थी।

### बारिश से तबाही में हेल्पलाइन जारी करे हेमंत सरकार: विजय शंकर नायक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस स्थिति को देखते हुए आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्य और सभी जिलों में आपदा राहत निगरानी सेल गठित कर तत्काल हेल्पलाइन नंबर जारी करने की मांग की है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि कई जिलों में नदियां उफान पर हैं, पुल-पुलिया टूट गये हैं, सड़कें धंसी हैं और बिजली आपूर्ति बाधित है। तोरपा-सिमडेगा रोड पर पुल टूटने से आवागमन बंद है, पर राहत कार्य अब तक नहीं पहुंचा है। नायक ने कहा कि सुदूरवर्ती इलाकों में राहत देर से पहुंचती है, इसलिए आपातकालीन टोल-फ्री नंबर जारी कर त्वरित सहायता सुनिश्चित की जाये, ताकि जानमाल की रक्षा हो सके।

### राजद के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव को निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रमाण पत्र दिया



रांची (आजाद सिपाही)। राजद के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव को पार्टी कार्यालय, धुर्वा में गुरुवार को आयोजित राज्य परिषद की बैठक के दौरान राज्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र, माला और बुके देकर उनका भव्य स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संजय सिंह ने सभी जिला और प्रदेश पदाधिकारियों से आग्रह किया कि आपसी मतभेद समाप्त कर पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाये। उन्होंने कहा कि पार्टी संस्थापक लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना ही हमारी प्राथमिकता है। बैठक में कई प्रमुख निर्णय लिये गये। इसमें जिलास्तरीय सम्मेलन: सितंबर-अक्टूबर तक पार्टी 10 जिलों में सम्मेलन आयोजित करेगी। 5 जुलाई को पटना में राष्ट्रीय परिषद की बैठक और खुले सम्मेलन के बाद झारखंड में इसकी शुरूआत देवघर और जमशेदपुर से होगी। आगे चलकर 24 जिलों में चरणबद्ध ढंग से कार्यकर्ता सम्मेलन किये जायेंगे। इस बैठक में देवघर विधायक सुरेश पासवान, विधायक नरेश प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, महासचिव व मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, युवा अध्यक्ष रंजन यादव, महिला अध्यक्ष मंजू शाह, पूर्व आईपीएस संजय रंजन सहित कई नेताओं ने संबोधन दिया। धन्यवाद ज्ञापन कलामुद्दीन खान ने किया। इस अवसर पर श्रीराम यादव, श्यामदास सिंह, आबिद अली, अर्जुन यादव, सुधीर गोप, संतोष यादव, बबलू चंद्रशेखर, कमलेश यादव, गुलशन खातून, रामकुमार यादव, शाहबाज अंसारी, नवलकिशोर यादव, शंभू चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता और सदस्य मौजूद थे।

### मजदूर आंदोलन के मजबूत स्तंभ का जाना अत्यंत पीड़ादायक है : सीटू



रांची (आजाद सिपाही)। सीपीएम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने बताया कि सीपीआइ के वरिष्ठ नेता राम नरेश कुमार का गुरुवार को सुबह निधन हो जाने से मजदूर आंदोलन का एक मजबूत स्तंभ धराशाई हो गया। 60 दशक में ये पार्टी में जुड़े और पार्टी के कई पदों पर रहे। मजदूर आंदोलन में सक्रिय रहने के कारण इन्हें एटक के राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान मिला। सफाई कर्मचारी यूनियन के ये लगातार अध्यक्ष रहे। ये हजारीबाग बाजार समिति का तीन-तीन बार उपाध्यक्ष चुने गये। यह आजीवन कम्युनिस्ट पार्टी के होल टाइमर रहे। उनके निधन से हजारीबाग के तमाम मजदूर यूनियन और कर्मचारी संगठन मर्माहत है।

### आजसू पार्टी की झारखंड गठन में कोई भूमिका नहीं : ललित कुमार महतो

रांची (आजाद सिपाही)। ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) बृहत झारखंड के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) स्थापना दिवस 22 जून को हुआ था। आजसू पार्टी का स्थापना दिवस 22 जून को नहीं हुआ है। यही कारण है कि आजसू पार्टी हिंदुस्तान में एकमात्र राजनीतिक दल है जो स्थापना दिवस ना मनाकर बलिदान दिवस मनाती है। कालांतर में झारखंड पीपुल्स पार्टी का गठन हुआ जो ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन को राजनीतिक इकाई थी। झारखंड गठन के बाद कतिपय लोगों द्वारा एक साज़िश के तहत ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन का राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रेशन करवा लिया गया। ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन के नेतृत्वकर्ता रहे सूर्य सिंह बेसरा, बिमल कच्छप, चिंतामणि महतो, दीपक महतो आदि की शिकायत के बाद वर्ष 2007 में नाम बदल कर आजसू पार्टी के रूप में मान्यता दी गयी। आजसू पार्टी का झारखंड राज्य गठन में कोई भूमिका नहीं है। वर्तमान मे जितने भी आजसू पार्टी में नेतृत्वकर्ता हैं उनमें अधिकांश क्रशर मालिक, टिंबर मालिक, जमीन माफिया, शिक्षा माफिया, कोयला माफिया, बालू माफिया, प्राइवेट स्कूलों के मालिक, निजी विश्वविद्यालयों के मालिकों, होटल मालिक, अस्पताल मालिक भरे पड़े हैं और अधिकतर लोग दूसरे दलों मे से आये और गये लोग हैं। जिनका मूल मकसद झारखंड के नौजवानों को गुमराह कर अपना उल्लू सिधा करना है। जल्द हीं ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन का नाम लेकर अनाधिकृत रूप से आजसू के नाम का इस्तेमाल को लेकर मेरे नेतृत्व में नौजवानों का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली जाकर मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलेगा। श्री महतो ने कहा कि जनवरी माह 2026 में अधिवेशन आयोजित कर विधिवत तरीके से वर्तमान के छात्र नवजवानों को ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) का बागडोर सौंपा जायेगा। जो झारखंड राज्य गठन के उद्देश्यों को पूरा कराने का काम करेंगे।

## केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी 21 जून को करेंगे पिपरवार का दौरा

पिपरवार (आजाद सिपाही)। भारत सरकार के केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी शनिवार 21 जून को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा करेंगे। सूत्रों के मुताबिक 21 जुन को पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में सीसीएल प्रबंधन के द्वारा होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होगे। सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के अधिकारियों के निर्देश में पिपरवार क्षेत्र के सीसीएल अधिकारी इस कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए हैं। इधर कोयला मंत्री के पिपरवार दौरे को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भी उत्साह देखा जा रहा है।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस का रक्तदान शिविर



खूंटी (आजाद सिपाही)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में गुरुवार को युवा कांग्रेस की टीम ने खूंटी सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सात लोगों ने रक्तदान किया। मौके में अरुण संगा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा लोगों की मदद किया करती है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवा रक्तदान के लिए आगे आए, ताकि जिले में रक्त की कमी को पूरा किया जा सके। मौके में जिला उपाध्यक्ष बहा मुंडा, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष ऋतुराज, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, युवा कांग्रेसी उस्मान, निलेश, मार्टिन आदि युवा कांग्रेसी मौजूद थे।

## चिकित्सक डॉ आरएन पांडे का निधन

मुरी (आजाद सिपाही)। सिल्ली मुरी के जानेमाने प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर आरएन पांडे का देहांत 18 जून को हो गया। वे एक महीने से कोलकाता के अस्पताल में इलाजरत थे। उनका अंतिम संस्कार 19 जून को स्वर्णरेखा नदी मुरी के मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है।

## जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के जरिया में शिविर का आयोजन

खूंटी (आजाद सिपाही)। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत गुरुवार को पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन तोरपा प्रखंड के जरिया पंचायत भवन में किया गया। शिविर में राशन कार्ड सुधार से संबंधित सात आवेदन मिले, जबकि, आधार सुधार से संबंधित 20, आयुष्मान कार्ड से संबंधित 20, सावित्री बाई फुले से संबंधित सात आवेदन प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त 52 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच भी इस शिविर में की गई। भारी बारिश के बावजूद पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया और लोगों की सहभागिता भी इसमें उत्साहवर्धक रही। कार्यक्रम में पंचायत सचिव मटरू भगत, रोजगार सेवक बिनोद साहू, जरिया मुखिया सहित जरिया पंचायत के इस योजना के अंतर्गत चिह्नित ग्रामों के कई लोग उपस्थित थे।

## सोड़ो में जनता दरबार का आयोजन



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सोड़ो पंचायत सचिवालय में गुरुवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के सितु और सोड़ो पंचायत के जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में विभिन्न विभागों का 17 स्टोल लगाया गया, जहां लोगों से आवेदन लिया गया। लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का जानकारी दिया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो, बीडीओ एकता वर्मा, अंचल अधिकारी दीपक प्रसाद, उपप्रमुख दीपक कुमार साव, मुखिया नयन सिंह मुंडा, लक्ष्मी देवी, पंचायत सचिव अशोक मंडल, राधेश्याम महतो और प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त के स्कूल बंद करने के आदेश के बावजूद उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय खुला रहा



मुरी (आजाद सिपाही)। रांची जिले में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए रांची जिला अंतर्गत संचालित सभी कोटि के सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त एवं सभी निजी विद्यालयों को गुरुवार को बंद रखने का आदेश रांची उपायुक्त द्वारा जारी किया गया था, परंतु उनके आदेश को धत्ता बताते हुए उर्सुलाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय मुरी के विद्यालय प्रबंधन के द्वारा 19 जून को विद्यालय संचालित किया गया, जिससे विद्यार्थी काफी परेशान हो गये। इधर स्कूल प्रबंधन की मनमानी से अभिभावक भी काफी परेशान हैं।

## खलारी : कोल इंडिया की विभिन्न कंपनियों के अधिकारियों ने किया केज कल्चर का निरीक्षण



खलारी (आजाद सिपाही)। कोल इंडिया के छह आनुषंगिक कंपनियों के अधिकारियों ने सोमवार को तुमांग में केज कल्चर का निरीक्षण किया। सबसे पहले सभी अधिकारियों का दल डकरा आफिसर्स क्लब पंहुचे। जहां एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता से मुलाकात किया। क्लब में अधिकारियों ने महाप्रबंधक से बैठक कर केज कल्चर सहित कई मुद्दों को लेकर चर्चा की। उसके बाद सभी अधिकारी खिलान धौड़ा स्थित केज कल्चर गये, जहां प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष बालेश्वर गंझु ने स्वागत किया। इस मौके पर बीसीसीएल के मैनेजर सीडी अभिजीत मित्रा, डिप्टी मैनेजर एनवायरमेंट चिराग चोपड़ा, ईसीएल के मैनेजर सीडी अभिनंदन दास, डिप्टी मैनेजर प्रोवशिस घोष, एमसीएल के मैनेजर एनवायरमेंट सुजाता एएम, असिस्टेंट मैनेजर रति रंजन साहू,एनसीएल के एमटी एनवायरमेंट स्वप्निल तिवारी, एसईसीएल के मैनेजर सिविल प्रदीप कुमार द्विवेदी सहित मत्स्य समिति के सदस्य शामिल थे।

## कई तरह की बीमारियों को दूर करता है योग : संजीव



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफिसर्स क्लब में सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा गुरुवार की सुबह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के योग शिक्षक राकेश कुमार के द्वारा सभी को योग का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में मौजूद जीएम संजीव कुमार ने कहा कि 21 जून को प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि बेहतर और स्वस्थ शरीर के लिए योग हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है। उन्होंने सभी लोगों से प्रत्येक दिन योग करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल ने किया। इस मौके पर महाप्रबंधक संजीव कुमार, अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह,स्टाफ ऑफिसर सिविल कुंदन कुमार, स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन केआर भवन, स्टॉफ ऑफिसर सेफ्टी पंकज चौधरी,स्टाफ ऑफिसर सेल्स सुनील कुमार सिंह सहित कई अधिकारी कर्मचारी और श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

# बनई पुल टूटा, खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर आवागमन ठप

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर पेलोल गांव के पास बनई नदी पर बना उच्च स्तरीय पुल के बीच का हिस्सा टूट कर धंस गया। इससे इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया है। यह पुल राजधानी रांची को खूंटी, सिमडेगा और ओड़िशा, छत्तीसगढ सहित अन्य राज्यों को जोड़ने वाला है। साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम जाने के लिए सबसे आसान मार्ग यही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुल की स्थिति कई दिनों से जर्जर थी। इसके बावजूद उस पर भारी वाहनों का आवागमन जारी था। पिछले दो दिनों से भारी वर्षा से गुरुवार सुबह पुल के एक हिस्से में दरार आने के बाद अचानक वह धंस गया। उसी दौरान एक ट्रक बीच मे जाकर फंस गया। हालांकि कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। बाबा आम्रेश्वर धाम आनेवाले श्रद्धालुओं को होगी परेशानी 11 जुलाई से पवित्र सावन का महीना शुरू हो रहा है। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने कहा कि बनई नदी पुल के टूट जाने से बाबा के भक्तों को परेशानी होगी। पुल बनने में एक साल से अधिक समय लग जायेगा।

## विधायक सुदीप गुड़िया ने टूटे बनई पुल का का जायजा लिया



खूंटी। खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर पेलोल के पास बनई नदी पुल के धरासाई हो जाने की घटना क्षेत्र के निवासियों के लिए चिंता का विषय बन गयी है। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने इस पुल को गंभीर क्षति पहुंचाई है, जिससे यातायात बाधित हो गया है। इस स्थिति का जायजा लेने के लिए तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया गुरुवार सुबह भारी बारिश के बावजूद बनई नदी पुल के पास गये और निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन को तत्काल प्रभाव से समस्या के समाधान के निर्देश दिए। साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के सदस्यों से मिलकर आनेवाले श्रावनी मेला में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार का कोई दिक्कत ना हो और उनको बेहतर सुविधा कैसे दी जाये, इस पर विचार विमर्श किया। विधायक ने आश्वासन दिया कि पुल का मरम्मत कार्य शीघ्र ही आरंभ किया जायेगा, ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## भारी बारिश के कारण जलाशय उफान पर

मुरी/ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। पिछले तीन-चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण कई जलाशय उफान पर हैं। अवरुद्ध नालों का पानी सड़कों पर आ गये हैं। लोग बाजारों में कम निकले। स्कूल बंद रहे, बैंकों में भीड़ बिल्कुल नहीं थी। कई दुकानदार ग्राहकों की इंतजार में बैठे रहे, बाजार में चहल-पहल बिल्कुल नहीं थी। बिजली व्यवस्था भी चरमरा गयी है। वहीं दूसरी ओर मुरी से स्वर्णरेखा नदी भी उफान पर है। वहीं सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से हो रहे झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। लोग घरों से निकल नहीं पा रहे हैं। अति वृष्टि से टमाटर, लौकी, पालक आदि सब्जी खेती भी डुब गया है, जिससे किसान काफी चिंतित हैं। वहीं हाड़ात गांव में अंबिका महतो का घर का एक दिवाल ढहा गया है। वहीं अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में आपदा को देखते हुए जल जमाव क्षेत्र में लोगों को स्कूल भवन, पंचायत भवन और सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए अपील की जा रही है।

## खलारी में आफत की बारिश जारी, जनजीवन प्रभावित

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी में हो रही लगातार दो दिनों से बारिश के कारण क्षेत्र की नदियां पूरे उफान पर बह रही है। दामोदर, सोना डूबी और सपही नदी में बाढ़ आ गयी है। बाढ़ को देखने के लिए गुरुवार की सुबह लोगों की भीड़ नदी किनारे देखी गयी। इधर बारिश के कारण डकरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के पीछे कॉलोनी में रवि भोक्ता नामक युवक के मकान का पिछले हिस्से का दीवार पूरी तरह से गिर गया। पानी का बहाव दीवार की तरफ होने के कारण दीवार गिरी है। गुरुवार को जेसीबी के सहारे पानी के बहाव को दूसरी तरफ मोड़ा गया। वहीं केडीएच परियोजना कार्यालय के कई विभागों के कमरों में छतों से पानी का रिसाव होने के कारण कामकाज अस्त व्यस्त रहा। लगातार बारिश के कारण क्षेत्र की खदानों का कोयला उत्पादन भी पूरी तरह से ठप रहा। लगातार बारिश के कारण धमधमिया में पंचायत भवन से कुछ दूरी पर सिमला भुइयां के घर के सामने 6 बजे शाम से एक पेड़ बिजली के तार पर गिर गया है जिससे पोल गिर हो गया है।

## दीवार गिरने से युवक की दब कर मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण तोरपा थाना क्षेत्र के डोड़मा में एक घर धारासायी हो गया और इसमें दबकर राज कुमार मांझी नामक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। वह डोड़मा के मांझी टोली निवासी किशोर मांझी का पुत्र था। राज कूमार मांझी खूंटी के चौधरी मेडिकल हॉल में काम करता था। वहीं जरियागढ़ थाना क्षेत्र के कठसेमला गांव में आठ साल के बबलू मुंडा को सोते समय सांप ने उसके हाथ में काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना देर रात बुधवर की है।


### ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

Email Id :- eengbcdsimdega@gmail.com

अति अल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेंस नं0– 04/2025-26/EE/BCD/BD,SIMDEGA.

दिनांक–17-06-2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Renovation of Old Circuit House at Simdega in the District of Simdega. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0) | रूपया 1,92,39,300.00 (एक करोड़ बानव्वे लाख उनचालीस हजार तीन सौ) रुपये मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (छः) माह। |
| 4. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 02.07.2025 को 11:00 बजे |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 09.07.2025 को दोपहर 11:00 बजे तक |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा–835223 |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | 10.07.2025 के अपराह्न 11:30 बजे तक नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, झारखण्ड, राँची। |
| 8. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 86748–35234 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 86748–35234 |

10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03-10-2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06-10-2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खातों को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
13. अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.**

PR 355425 Simdega (25-26) D

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।


### झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

74वीं औपबंधिक सूची जिला–गुमला (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भौवा उराँव, पंचु उराँव द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–378/25 2. आवेदक–बुधवा लकड़ा, पिता–स्व0 बिहारी उराँव<br>3. ग्राम–जिलिंगा टांगर टोली, पोस्ट–सकरपुर गम्हरिया, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष,आयु–62 वर्ष,पहचान चिन्ह–दांये आँख के नीचे तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–379/25 2. आवेदक–बिरसा उराँव, पिता–बरगी उराँव<br>3. ग्राम–गम्हरिया , पोस्ट–विश्वानाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–बांया हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–380/25 2. आवेदक–पावो टाना भगत, पति–सहाबीर टाना भगत<br>3. ग्राम–लरंगो टाना टोली, पोस्ट–लरंगो, थाना–पुसो सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–381/25 2. आवेदक–फुलमनी देवी, पति–सुकरा उराँव<br>3. ग्राम–कार्तिक नगर, पोस्ट–लरंगो , थाना–सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–382/25 2. आवेदक–पुनाई उराँव, पिता–स्व0 सुकरा उराँव<br>3. ग्राम–कुल्ही, पोस्ट–गुमला, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–पुरूष,आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर के घुटना में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–383/25 2. आवेदक–चन्द्रमनी देवी, पति–सत्य प्रकाश भगत<br>3. ग्राम–डी0ए0पी0, पोस्ट– गुमला, थाना– गुमला , प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–384/25 2. आवेदक–सुकमनी देवी, पति–आश्रम भगत<br>3. ग्राम–सरहुल नगर, पोस्ट–गुमला, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांये चेहरा तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–385/25 2. आवेदक–मांगा पहान, पिता–सुधु पहान<br>3. ग्राम–गम्हरिया, पोस्ट–शिवनाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–386/25 2. आवेदक–जमुना उराईन, पति–बिरसा उराँव<br>3. ग्राम–कपो टोली, पोस्ट–शिवनाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–387/25 2. आवेदक–घुड़ा उराँव, पिता–बन्धना उराँव<br>3. ग्राम–गम्हरिया, पोस्ट–विशवनाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–388/25 2. आवेदक–धरमनी देवी, पति–नरेन्द्र उराँव<br>3. ग्राम–करमटोली सरहुल नगर , पोस्ट–गुमला, थाना–गुमला, प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–389/25 2. आवेदक–बरवा उराँव, पिता–स्व0 बिहारी उराँव<br>3. ग्राम–जिलिंग टांगर टोली, पोस्ट–सकरपुर गम्हरिया,थाना–गुमला, प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–602/25 2. आवेदक–सरयू महतो, पिता–मोहन महतो<br>3. ग्राम–गनेशपुर, पोस्ट–हनहट, थाना–चान्हो , प्रखण्ड–चान्हो<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–390/25 2. आवेदक–रजनी देवी, पति–बन्धना उराँव<br>3. ग्राम–सरहुल नगर कर्म टोली, पोस्ट–गुमला, थाना–गुमला प्रखण्ड–गुमला<br>4. लिंग– महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–602/25 2. आवेदक–सुखदेव भगत, पिता–स्व0 लक्ष्मण भगत<br>3. ग्राम–चान्हो, पोस्ट–सोस, थाना–चान्हो, प्रखण्ड–चान्हो<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांये घुटने में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. . | 1. आवेदन क्र0–602/25 2. आवेदक–नन्दलाल सिंह, पिता–जहानाबीर सिंह<br>3. ग्राम–बाजरा, पोस्ट–चरकी, थाना–नरकोपी, प्रखण्ड– माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–391/25 2. आवेदक–बुरंगी उराँव, पति–बुदंर उराँव<br>3. ग्राम–लंरगी ठेखा टोली, पोस्ट–लरंगो, थाना– पुसो, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–392/25 2. आवेदक–सुधवा उराँव, पिता–स्व0 लोहरा लोहरा<br>3. ग्राम–गम्मरिया, पोस्ट–शिवनाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड– सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–393/25 2. आवेदक–बितो मुण्डाईन, पति–सुमेश्वर मुण्डा<br>3. ग्राम–दरी टोली, पोस्ट–सिसई, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना चेहरा घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–394/25 2. आवेदक–राससाय मुण्डा, पिता–गन्दुर मुण्डा<br>3. ग्राम– दरी, पोस्ट– शिवनाथपुर, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई,<br>4. लिंग– पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–395/25 2. आवेदक–बिमला मुण्डाईन, पति–सागर मुण्डा<br>3. ग्राम–दरी, पोस्ट– बिशनाथपुर, थाना– सिसई, प्रखण्ड– सिसई,<br>4. लिंग– महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–396/25 2. आवेदक–सागर मुण्डा, पिता–गुन्दर मुण्डा<br>3. ग्राम–दरी, पोस्ट–शिवनाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–398/25 2. आवेदक–मटकु उराँव, पिता–स्व0 भौला उराँव<br>3. ग्राम–कोड़ेदाग, पोस्ट–शिवनाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–399/25 2. आवेदक–झिम्पा उराँव, पति–मटकु उराँव<br>3. ग्राम–कोड़ेदाग, पोस्ट–शिवनाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना में खोदा का निशान। । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जुबैर अन्सारी एवं जेरकु उराँव द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–400/25 2. आवेदक–सुमति उराईन , पति–स्व0 राजेन्द्र उराँव<br>3. ग्राम–सियागं , पोस्ट–शिवनाथपुर, थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें पैर में जले का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–401/25 2. आवेदक–बिन्दु देवी , पति–जेरकु उराँव<br>3. ग्राम–रेडवा , पोस्ट–रेडवा , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह– जंग में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–510/25 2. आवेदक–जीतेन्द्र भगत , पिता–स्व0 ललीत भगत<br>3. ग्राम–लकेया , पोस्ट–सिसई , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–402/25 2. आवेदक–सुखमन्ती देवी , पति–प्रदीप उराँव<br>3. ग्राम–लकेया , पोस्ट–सिसई , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 29 | 1. आवेदन क्र0–403/25 2. आवेदक–मुबारक अंसारी , पिता–मरीफ अंसारी<br>3. ग्राम–सुस्सा , पोस्ट–अरको , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 30 | 1. आवेदन क्र0–404/25 2. आवेदक–मैतन तिर्की , पिता–जयधन तिर्की<br>3. ग्राम–बौंडो , पोस्ट–अरको , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–405/25 2. आवेदक–कर्मिला तिर्की , पति–बंदे कुमार तिर्की<br>3. ग्राम–बोन्डो , पोस्ट–अरको , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–602/25 2. आवेदक–किशोरकुमार मिश्रा, पिता–ब्रजेन्द (बी0आर0) राम मिश्रा<br>3. ग्राम–करमटोली बरियातु , पोस्ट–राँची , थाना–बरियातु , प्रखण्ड–बरियातु सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में काला तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–602/25 2. आवेदक–मीर मुस्लिम हुसैन, पिता–मीर जुमेदील हुसैन<br>3. ग्राम–दिधिया , पोस्ट–तुको, थाना–बेड़ो , प्रखण्ड–बेड़ो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–602/25 2. आवेदक–इदरीस खान , पिता–समसूल खान<br>3. ग्राम–सेन्हा अमन चौक , पोस्ट–सेन्हा, थाना–सेन्हा , प्रखण्ड–सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–406/25 2. आवेदक–सैलिबाहन महली , पिता–स्व0 बोधन महली<br>3. ग्राम–डुम्बो भगत टोली , पोस्ट–जुरा, थाना–भरनो , प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–407/25 2. आवेदक–महली उराँव , पिता–स्व0 काया उराँव<br>3. ग्राम–रेडवा कुचाइटोली , पोस्ट–सिसई , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ हुनज का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–408/25 2. आवेदक–मोकिय अंसारी , पिता–अकबर अंसारी<br>3. ग्राम–डोम्बो , पोस्ट–जुरा, थाना–भरनो , प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–409/25 2. आवेदक–बिरसा उराँव , पिता–चडरा उराँव<br>3. ग्राम–रेडवा कुचाइटोली , पोस्ट–सिसई , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–410/25 2. आवेदक–घनेश्वर उराँव , पिता–करीला उराँव<br>3. ग्राम–रेडवा कुचाइटोली , पोस्ट–सिसई , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–411/25 2. आवेदक–कैलाश साहु , पिता–चन्द्रिका साहु<br>3. ग्राम–कामडारा, पोस्ट–कामडारा , थाना–कामडारा, प्रखण्ड–कामडारा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–412/25 2. आवेदक–बसन्त कुमार साहु , पिता–साधो साहु<br>3. ग्राम–कामडारा, पोस्ट–कामडारा , थाना–कामडारा, प्रखण्ड–कामडारा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–413/25 2. आवेदक–बसन्त साहु , पिता–नरेन्दर साहु<br>3. ग्राम–कुलुसेरा , पोस्ट–लूंगटू , थाना–बसिया , प्रखण्ड–बसिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–414/25 2. आवेदक–लक्ष्मी नारायण साहु , पिता–नेतलाल साहु<br>3. ग्राम–पतराटोली , पोस्ट–नवागढ़ , थाना–रायडीह , प्रखण्ड–रायडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–415/25 2. आवेदक–मिनकेतु साहु , पिता–स्व0 जगत साहु<br>3. ग्राम–तिर्रा, पोस्ट–बसिया , थाना–बसिया , प्रखण्ड–बसिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–416/25 2. आवेदक–बन्दे कुमार तिर्की , पिता–स्व0 बुधू तिर्की<br>3. ग्राम–बोन्डो , पोस्ट–अरको , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–417/25 2. आवेदक–अनिल कुमार गुप्ता, पिता–करमदयाल साहु<br>3. ग्राम–तिर्रा, पोस्ट–बसिया , थाना–बसिया , प्रखण्ड–बसिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–418/25 2. आवेदक–मो0 सुहैल अंसारी, पिता–स्व0 जुबैर अंसारी<br>3. ग्राम–मेन रोड सिसई , पोस्ट–सिसई , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–419/25 2. आवेदक–जलेश्वर साहु , पिता– स्व0 पारसनाथ साहु<br>3. ग्राम–मेन रोड सिसई , पोस्ट–सकरौली , थाना–भरनो , प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ का कलाई में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–420/25 2. आवेदक–हिबजूल अंसारी , पिता– स्व0 काजी अंसारी<br>3. ग्राम–लोहंजारा आजाद बस्सी , पोस्ट–सहिजना , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–421/25 2. आवेदक–शांति देवी , पति– स्व0 बालेश्वर साहु<br>3. ग्राम–अम्बोवा , पोस्ट–सकरौली , थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–महिला , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–422/25 2. आवेदक–गनेश साहु , पिता– स्व0 रामजी साहु<br>3. ग्राम–बसिया रोड, सिसई , पोस्ट–सिसई , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जुबैर अन्सारी, अलेक्जेंडर मिंज एवं जोसेफ आभाष मिंज द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 52 | 1. आवेदन क्र0–423/25 2. आवेदक–दिगम्बर मुण्डा (आश्रित पुत्र) , पिता– स्व0 बन्धन मुण्डा (आंदोलनकारी)<br>3. ग्राम–चातम , पोस्ट–सातो , थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 53 | 1. आवेदन क्र0–424/25 2. आवेदक–खुंजू असुर , पिता– स्व0 मंगरा असुर<br>3. ग्राम–चोटग पाठ , पोस्ट–जोभी पाठ , थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–425/25 2. आवेदक–तापेश्वर उरांव, पिता– स्व0 भीखा उरांव<br>3. ग्राम–चम्पाटोली , पोस्ट–सातो , थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख से अंधा। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–426/25 2. आवेदक–फूलदेव भगत, पिता– स्व0 बुधमन भगत<br>3. ग्राम–सातो, पोस्ट–सातो , थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–427/25 2. आवेदक–सरूहला मुण्डा, पिता– स्व0 गांगू मुण्डा<br>3. ग्राम–गरहा दुटआ , पोस्ट–नरमा , थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–83 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–428/25 2. आवेदक–शम्भु मुण्डा, पिता– मोरहा मुण्डा<br>3. ग्राम–गरहा दुटआ , पोस्ट–बिशुनपुर, थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–429/25 2. आवेदक–दिलभरन मुण्डा, पिता– मोहरा मुण्डा<br>3. ग्राम–गड़ा चुटवा , पोस्ट–जोभीपाठ, थाना–बिशुनपुर, प्रखण्ड–बिशुनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख से अंधा। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

PR.NO. 355484 Home(25-26):D

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

# जी-7 सम्मेलन सार्थक बातचीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब जी-7 सम्मेलन के लिए रवाना हुए थे, तो दो मुद्दों पर खास कर सभी की नजर थी - कनाडा के साथ रिश्ते किस तरह आगे बढ़ते हैं और आतंकवाद पर भारत अपना पक्ष किस तरह रखता है। एक ही मंच का इस्तेमाल कर देश ने दोनों को साध लिया। यह आयोजन भारत और कनाडा के बीच रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने का जरिया तो बना ही, नयी दिल्ली ने दुनिया को आतंकवाद के प्रति भी चेता दिया कि इस मामले में दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे।

**रिश्ते सुधारने का मौका :** भारत और कनाडा ने एक-दूसरे के यहां हाई कमिश्नर जल्द से जल्द बहाल करने का ऐलान किया है। यह उस गलती को सुधारने की दिशा में पहला कदम है, जो कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो ने की थी। राजनयिक संबंध बहाल होने से दूसरे द्विपक्षीय मामलों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिनमें पिछले साल टकराव के बाद से ठहराव आ गया था। इसमें प्रमुख है व्यापार और निवेश समझौता CEPA।

**व्यापार बढ़ेगा :** एक विस्तृत इकॉनमिक एग्रीमेंट को लेकर दोनों देशों ने 2010 में बातचीत शुरू की थी। करीब एक दशक तक सब ठीक चला, लेकिन पहले कोरोना की रुकावट आयी और फिर कूटनीतिक रिश्ते खराब हो गये। भारत और कनाडा के बीच वित्तीय वर्ष 2024 में 8.37 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। हालांकि दोनों की इकॉनमी को देखते हुए क्षमता और संभावनाएं कहीं ज्यादा हैं। आर्थिक समझौते से व्यापार आसान होगा, निवेश बढ़ेगा और अनुमान है कि द्विपक्षीय कारोबार में 6 बिलियन डॉलर तक का इजाफा होगा।

> भारत और कनाडा के बीच वित्तीय वर्ष 2024 में 8.37 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। हालांकि दोनों की इकॉनमी को देखते हुए क्षमता और संभावनाएं कहीं ज्यादा हैं। आर्थिक समझौते से व्यापार आसान होगा, निवेश बढ़ेगा और अनुमान है कि द्विपक्षीय कारोबार में 6 बिलियन डॉलर तक का इजाफा होगा।

**अलगाववाद का मुद्दा :** भारत और कनाडा के सामने शिक्षा, मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, इंफ्रा, कृषि - तमाम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अपार मौके हैं। भारतीय छात्रों के लिए कनाडा Top foreign destination रहा है। बातचीत बढ़ने से student visa और वर्क परमिट आसान हो सकता है। पीएम मोदी और मार्क कार्नी की मुलाकात से जो रास्ता खुला है, उसका पूरा फायदा मिले, इसके लिए कनाडा को खालिस्तानी अलगाववादियों से जुड़ी भारत की चिंताओं पर ध्यान देना होगा। खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर केस से जुड़े सवाल पर कार्नी का संतुलित जवाब बताता है कि उन्हें भी इसका ख्याल है।

**आतंकवाद पर अपील :** पीएम मोदी ने जी-7 के outreach session में आतंकवाद का मुद्दा उठाया और उनका सवाल बिल्कुल ठीक है कि आतंकवाद के प्रायोजक देश और पीड़ितों को एक तराजू में क्यों तौला जा रहा है। जब तक दुनिया के ताकतवर देश आतंकवाद को लेकर अपना नजरिया साफ नहीं करते और अपनी सहूलियत के अनुसार आतंक की परिभाषा तय करने की आदत नहीं छोड़ते, यह समस्या हल नहीं होनेवाली।


अभिमत
आजाद सिपाही

**मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसी प्रमुख पहल और व्यापक स्तर पर बुनियादी ढांचे विकास अभियान से रोजगार सृजन में अभूतपूर्व गति आयी है। भारतीय रिजर्व बैंक - केएलइएमएस (पूंजी, श्रम, ऊर्जा, सामग्री और सेवाएं) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2004 से 2014 के बीच केवल 2 करोड़ 90 लाख नौकरियां सृजित हुईं, जबकि इसकी तुलना में वर्ष 2014-2024 के बीच 17 करोड़ से अधिक नौकरियां उत्पन्न की गयी।**

# श्रम शक्ति को सशक्त बनाने और भारत को भविष्य के लिए तैयार करने के 11 वर्ष



**डॉ मनसुख मांडविया**



भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है और देश को पूर्णतः विकसित करने के मूल में रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा को रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में नीति, नियोजन और प्रगति के केंद्र में भारत की कार्यशक्ति रही है। इस बदलाव से रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा दायरे के विस्तार में ऐतिहासिक सुधार हुआ है।

वर्ष 2014 में भारत का रोजगार परिदृश्य विभक्त था, सामाजिक सुरक्षा दायरा सीमित था, और अधिकांश कामगार,विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोग, कल्याणकारी योजनाओं के सुरक्षात्मक दायरे में नहीं आते थे। इस चुनौती की व्यापकता और अत्यावश्कता को समझते हुए मोदी सरकार ने साहसिक और संरचनात्मक सुधार किये।

मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसी प्रमुख पहल और व्यापक स्तर पर बुनियादी ढांचे विकास अभियान से रोजगार सृजन में अभूतपूर्व गति आयी है। भारतीय रिजर्व बैंक - केएलइएमएस (पूंजी, श्रम, ऊर्जा, सामग्री और सेवाएं) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2004 से 2014 के बीच केवल 2 करोड़ 90 लाख नौकरियां सृजित हुईं, जबकि इसकी तुलना में वर्ष 2014-2024 के बीच 17 करोड़ से अधिक नौकरियां उत्पन्न की गयी। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण-पीएलएफएस के आंकड़ों के अनुसार, नियोजन दर वर्ष 2017-18 के 46 दशमलव 8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 58 दशमलव 2 प्रतिशत हो गयी। इसी अवधि में बेरोजगारी दर 6 प्रतिशत से घट कर 3 दशमलव 2 प्रतिशत पर आ गयी। यही नहीं, औपचारिक क्षेत्र में रोजगार सृजन में भी काफी प्रगति हुई। कर्मचारी भविष्?य निधि संगठन के आंकड़ों के अनुसार पिछले सात वर्षों में 7 करोड़ 50 लाख से अधिक औपचारिक नौकरियां उत्पन्न हुई हैं।

> भारत दुनिया का सबसे बड़ा कार्यबल बनने की ओर अग्रसर है, जो सबसे कुशल, सुरक्षित और सशक्त होगा।

**युवा और नारी शक्ति को सशक्त बनाना :** भारत की विकास यात्रा में युवा और नारी शक्ति का सशक्तिकरण केंद्रित है। इसे सिद्ध करते हुए महिला रोजगार दर वर्ष 2017-18 में 22 प्रतिशत से बढ़ कर वर्ष 2023-24 में 40 दशमलव 3 प्रतिशत पर पहुंच गया। इस अवधि में बेरोजगारी दर 5 दशमलव 6 प्रतिशत से घट कर 3 दशमलव 2 प्रतिशत पर आ गयी। ग्रामीण भारत में यह बदलाव और भी महत्वपूर्ण रहा जहां महिला रोजगार में 96 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में उनके रोजगार में 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ये सभी पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लागू परिवर्तनकारी सुधारों और केंद्रित पहल के परिणाम हैं। आज 15 मंत्रालयों में 70 से अधिक केंद्र प्रायोजित योजनाएं महिला उद्यमशीलता को सहयोग देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को समर्पित हैं।

भारत में युवाओं की रोजगार क्षमता में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है और जहां यह वर्ष 2013 में सिर्फ. 33 प्रतिशत थी वहीं अब बढ़कर वर्ष 2024 में लगभग 55 प्रतिशत पर पहुंच गयी है। यह प्रगति सुदृढ़ डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की वजह से हुई है। नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं को एक साथ लाने वाले भारत सरकार द्वारा संचालित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म-राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल जैसे प्लेटफॉर्म रोजगार संबंधी सेवाओं के एकल स्थल समाधान के रूप में उभरे हैं।

वर्ष 2015 में आरंभ किये गये राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल-एनसीएस ने अब तक 5 करोड़ 50 लाख से अधिक नौकरी के इच्छुक कामगारों को 46 लाख नियोक्ताओं से जोड़ा है और इससे 5 करोड़ से अधिक रोजगार रिक्तियां उत्पन्न हुई हैं। परिणामतः युवा रोजगार दर वर्ष 2017-18 में 31 दशमलव 4 प्रतिशत से बढ़ कर वर्ष 2023-24 में 41 दशमलव 7 प्रतिशत पर पहुंच गयी और इस अवधि में युवा बेरोजगारी दर 17 दशमलव 8 प्रतिशत से घट कर 10 दशमलव 2 प्रतिशत पर आ गयी, जो वैश्विक औसत 13 दशमलव 6 प्रतिशत से भी कम है। डिजिटल कौशल उन्नयन कार्यक्रमों, उद्यमिता संबंधी पहल और नवाचार-आधारित प्लेटफार्मों के जरिए भारत के युवा अब नौकरी पाने के इच्छुक से बदल कर नौकरी सृजन करनेवाले बन गये हैं।

**असंगठित कार्यबल को मान्यता :** पिछले 11 वर्षों की सबसे परिवर्तनकारी उपलब्धियों में से एक भारत के विशाल असंगठित कार्यबल को मान्यता प्रदान करना है। वर्ष 2021 में, मोदी सरकार ने असंगठित श्रमिकों के लिए पहला विशिष्ट राष्ट्रीय डिजिटल डेटाबेस इ-श्रम पोर्टल आरंभ किया। इसके बाद केवल 4 वर्षों में गिग (स्वतंत्र रूप से काम करने वाले कामगार) और प्लेटफॉर्म कामगार (प्लेटफॉर्म कामगार से तात्पर्य ऐसे संगठन के लिए काम करने वाले कार्यबल से है, जो व्यक्तियों या संगठनों को सीधे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करके विशिष्ट सेवाएं प्रदान करता है।) सहित 30 करोड़ 80 लाख से अधिक असंगठित श्रमिक इस प्लेटफॉर्म से जुड़ गये हैं। यह सक्रिय पोर्टल एकल समाधान के रूप में श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ता है। अभी केंद्र सरकार की 13 से अधिक सामाजिक कल्याण योजनाएं ई-श्रम से जुड़ी हैं जहां एकल साइन-ऑन से निर्बाध बहुभाषी पहुंच मिलती है। यह केवल तकनीकी प्रगति भर नहीं बल्कि शासन मॉडल में ऐसे बदलाव को दर्शाता है, जिसमें श्रमिक को सबसे पहले रखा गया है।

इसके अलावा, डिजिटल अर्थव्यवस्था के महत्व को समझते हुए गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों को नीतिगत दायरे में लाया है। इस वर्ष के केंद्रीय बजट में उन्हें इ-श्रम पोर्टल पर शामिल करने और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना के स्वास्थ्य सेवा दायरे में लाने की महत्वपूर्ण घोषणा की गयी है। इससे मोदी सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि इस उभरते कार्यबल को पर्याप्त सुरक्षा और अवसर मिले।

**इएसआइसी और इपीएफओ में सुधार :** पिछले 11 वर्षों में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (इपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (इएसआइसी) जैसी संस्थाओं में सुधार के अहम उपाय किये गये हैं, जो लंबे समय से अक्षमता और लालफीताशाही से प्रभावित रहे हैं। इन सुधारों से अभूतपूर्व पारदर्शिता के साथ ही व्यवस्था में अधिक दक्षता आयी है। यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन), कार्य और कल्याण गतिविधियां आधार संख्या के साथ से जोड़ने, सरलीकृत ऑटो-क्लेम समाधान, विभिन्न योजनाओं के साथ अभिसरण और कुशल शिकायत निवारण तंत्र जैसी पहल से सेवा प्रदान करने में बदलाव आया है और हमारे कामगारों का जीवन सुगम बना है।

इसके परिणामस्वरूप, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन-ईपीएफओ के सदस्यों की संख?या वर्ष 2013-14 में 11 दशमलव सात आठ करोड़ से बढ़ कर वर्ष 2024-25 में 34 दशमलव छह तीन करोड़ हो गयी है। इस अवधि में पंजीकृत प्रतिष्ठानों की संख्या भी 7 लाख 96 हजार से बढ़ कर 27 लाख पांच हजार हो गयी। इसके अलावा वर्ष 2024-25 में दावे के निपटान भी 6 करोड़ से अधिक हो गये हैं, जो इपीएफओ के इतिहास में सर्वाधिक है।

इस बीच कर्मचारी राज्य बीमा निगम-इएसआइसी के दायरे में भी काफी विस्तार हुआ है। वर्ष 2013-14 में जहां यह केवल 393 जिलों में सीमित था वहीं अब यह 700 जिलों में विस्तारित हो गया है। वर्ष 2013-14 और वर्ष 2024-25 के बीच बीमा कराने वाले कामगारों की संख्या 1 करोड़ 95 लाख से बढ़कर 4 करोड़ 9 लाख हो गयी है। इस अवधि में लाभार्थियों की संख्या भी दोगुनी होकर 7 करोड़ 89 लाख से बढ़ कर 15 करोड़ 87 लाख पहुंच गयी है। आज, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, कीमोथेरेपी, रोबोटिक सर्जरी और डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड जैसी उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है, जिससे कामगारों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार :** मोदी सरकार के लगातार प्रयासों से भारत ने सामाजिक सुरक्षा दायरे के विस्तार में उल्लेखनीय प्रगति की है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज वर्ष 2015 में 19 प्रतिशत से तिगुने से अधिक बढ़ कर वर्ष 2025 में 64 दशमलव 3 प्रतिशत हो गया है। आज 94 करोड़ से अधिक कामगार कम से कम एक सामाजिक कल्याण योजना में शामिल हैं, जिसे कामगार लाभार्थी संख्या के मामले में भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कल्याणकारी व्यवस्था बन गयी है। यह भारत के सामाजिक सुरक्षा मॉडल सबका साथ, सबका विकास के हमारे विश्वास को सिद्ध करता है, जहां आर्थिक विकास और सामाजिक सुरक्षा एक दूसरे से जुड़े हैं।

पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी श्रम शक्ति को मजबूत बनाने और विकसित भारत की आधारशिला रखने में महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। रोजगार सृजन को प्राथमिकता, सामाजिक सुरक्षा को विस्तारित कर संस्थागत सेवा प्रणाली सुदृढ़ कर और डिजिटल बुनियादी ढांचे का उपयोग कर, सरकार ने विकास के एजेंडे के केंद्र में श्रमिकों को रखा है। जैसे-जैसे हम विकसित भारत की भविष्यदृष्टि योजना साकार करने की ओर बढ़ रहे हैं, भारत दुनिया का सबसे बड़ा कार्यबल बनने की ओर अग्रसर है, जो सबसे कुशल, सुरक्षित और सशक्त होगा।

**(लेखक : केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# डीसी ने चांडिल डैम का किया निरीक्षण दिये सतर्कता बरतने और राहत के निर्देश

## प्रभावित क्षेत्रों में सभी आवश्यक प्रबंध होंगे : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल/ सरायकेला-खरसावां।** जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण नदियों और जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को डीसी नीतीश कुमार सिंह ने चांडिल डैम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डैम के वर्तमान जलस्तर, खुले गेटों की स्थिति और आसपास के क्षेत्रों पर संभावित प्रभावों का जायजा लिया।

डीसी श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया जलस्तर की सतत निगरानी की जाए और आवश्यकता अनुसार गेट खोलने की प्रक्रिया नियमों के अनुसार तथा विभागीय समन्वय से संचालित हो, ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में जन-धन की हानि न हो। उन्होंने निर्देशित किया संभावित रूप से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव के सभी आवश्यक प्रबंध अविलंब सुनिश्चित किए जायें। इसमें लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करना, पेयजल, भोजन, चिकित्सा सुविधा और अन्य आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है।

डीसी ने स्पष्ट किया प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की जा रही है। जनता से अपील है वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

## भारी बारिश से बढ़ा स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर विधायक ने तटीय इलाकों का किया निरीक्षण



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। लगातार होरही भारी बारिश में स्वर्णरेखा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से जमशेदपुर के कई तटीय इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गयी है। हालात का जायजा लेने गुरुवार को जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने भुइयांडीह, कल्याण नगर, बागुनहातु, गौतम विहार सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। विधायक ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने डीसी समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात कर राहत कार्यों में तेजी लाने और प्रशासनिक मशीनरी को सक्रिय करने के निर्देश दिये। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री, चिकित्सा सुविधा, कीटनाशक दवाओं और स्वच्छता उपायों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। गुरुवार शाम विधायक की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य सामग्री एवं राहत पैकेट का वितरण किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## जमशेदपुर में डीसी ने किया स्कूल को बंद, कक्षा आठ तक की दी गयी छुट्टी

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। भारत मौसम विभाग (आइएमडी) से प्राप्त मौसम पूवार्नुमान के अनुसार आगामी 24 घंटों में जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम) जिले में लगातार भारी वर्षा की आशंका जतायी गयी है। साथ ही अप्रत्याशित वृष्टि के कारण जल जमाव एवं नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर है, जिससे जन-जीवन एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जमशेदपुर के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा उक्त परिस्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 34 के अंतर्गत जिले के कक्षा 1 से 8 तक संचालित सभी कोटि के सरकारी, निजी, अल्पसंख्यक एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में 20 जून शुक्रवार को अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश एहतियातन तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से जनहित में जारी किया गया है, जिसका पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाये। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकता पड़ने पर आगे के निर्देश यथासमय जारी किये जायेंगे। हालांकि, कक्षा 9 से लेकर 12वीं तक के बच्चों का स्कूल चलाया जायेगा और टीचर भी जायेंगी ही। इस आदेश को लेकर चर्चा भी हो रही है।

## पटमदा में खेत जलमग्न, बिचड़ा बर्बाद



पटमदा (आजाद सिपाही)। बीते तीन दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश पटमदा बोड़ाम प्रखंड के किसानों के लिए आफत बन गयी है। भारी वर्षा के कारण खेतों में लगी सब्जियों की फसलें पूरी तरह डूब गयी हैं। इसका असर आम उपभोक्ताओं पर भी पड़ सकता है। आने वाले दिनों में सब्जियों के दामों में भारी बढ़ोतरी की संभावना जतायी जा रही है। राखडीह निवासी प्रगतिशील किसान श्रीमंत कुमार मिश्रा ने बताया लौकी, भिंडी, नेनुआ, करैला, बरबट्टी, कोहड़ा और बैगन जैसी फसलें जमीनों पर बोई गयी थीं। अब पूरा खेत जलमग्न हो गयी हैं। अब तक 5-10 रुपये प्रति किलो बिकने वाली सब्जियां अगर दो दिनों में 40-50 रुपये किलो तक पहुंच जायें, तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा। मिश्रा ने चिंता जताते हुए कहा बारिश सब्जी और धान की खेती करने वाले किसानों के लिए बेहद नुकसानदायक साबित होगा।

## अल कबीर के छात्र साहिल के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया, प्राथमिकी दर्ज

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। अलकबीर कॉलेज के छात्र मो साहिल की विगत 15 जून को चांडिल डैम में डूबने से हुई मौत के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है. गुरुवार को मृतक छात्र साहिल के परिजनों ने चांडिल थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है, जिसमें मृतक के साथ गए अन्य छात्रों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। परिजनों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को सजा दिलाने की मांग की है। मृतक के पिता रामगढ़ जिले के बरकाकाना दुगरी बस्ती निवासी मो आजाद ने अपनी शिकायत में कहा है कि उनका बेटा अच्छा तैराक था और तैरना जानता था।

# सीओ के आदेश के बावजूद हो रहा अवैध निर्माण, शिकायत लेकर पहुंचे झामुमो नेता

> बिरसानगर की विवादित जमीन पर रात्रि में निर्माण, थानेदार की भूमिका पर उठे सवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बिरसानगर स्थित एक विवादित जमीन पर अंचल अधिकारी के स्पष्ट आदेश के बावजूद हो रहे निर्माण कार्य को लेकर सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह झामुमो नेता राजेश सामंत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जमशेदपुर अंचल अधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने बताया बिरसानगर निवासी पॉलसन कच्छप की शिकायत पर अंचल अधिकारी ने पहले ही बिरसानगर थाना प्रभारी को आदेश दिया था वह खाता संख्या 55, प्लॉट संख्या 3122 के अंश पर किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य पर निगरानी रखें और निर्माण न होने दें। इसके बावजूद नीरू कुमारी (पति- संजय गिरी, पेशे से वकील) द्वारा कथित रूप से थाने की मिलीभगत से रात 11 बजे के बाद निर्माण कार्य कराया गया और गेट लगाया गया।

राजेश सामंत ने अंचल अधिकारी को बताया उक्त जमीन 1985 से पॉलसन कच्छप के दादाजी पुटनंदर कच्छप के नाम से दर्ज है। यह टिस्को लीज क्षेत्र से बाहर है। यहां पॉलसन कच्छप का खपरैल मकान भी है। उन्होंने सीओ के आदेश की अवहेलना को गंभीर बताया और बिरसानगर थाना प्रभारी से अवैध निर्माण को तत्काल हटाने की मांग की। अंचल अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर झामुमो नेता मनवर हुसैन, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजू बेसरा, ललित केरकेट्टा, छोटे सरदार, पॉलसन कच्छप उपस्थित रहे।

## जमशेदपुर के नये उप विकास आयुक्त ने पदभार संभाला, कहा

# प्राथमिकता के आधार पर विकास योजनाओं को धरातल उतारना लक्ष्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के नये उप विकास आयुक्त नागेन्द्र पासवान ने गुरुवार को पदभार संभाल लिया है। पदभार लेने के पश्चात उन्होंने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से एक शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उपायुक्त ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त किया कि जिला के विकास योजनाओं को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता है। साथ ही साथ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाना ही लक्ष्य है। वहीं, कार्यभार ग्रहण के दौरान उप विकास आयुक्त से निदेशक एनईपी, डीटीओ, कोषागार पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने मुलाकात कर नये दायित्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया। विदित हो कि इससे पूर्व श्री पासवान अपर सचिव,श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग में पदस्थापित थे।

## रातू फ्लाईओवर का नाम अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने की मांग



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। भाजपा ओबीसी मोर्चा रांची ग्रामीण के जिलाध्यक्ष नरेश साहू ने रातू फ्लाईओवर का नाम भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने की मांग की है। इस बाबत नरेश साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। जिसमें कहा है कि झारखंड अलग राज्य निर्माण में अटल बिहारी वाजपेयी जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनकी सोच और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण ही झारखंड अलग राज्य बन पाया। बल्कि आदिवासी मंत्रालय का गठन कर आदिवासी हितों को भी सुरक्षित किया। कहा कि स्वर्णिम चतुर्भुज हाइवे नेटवर्क पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दिमाग की उपज थी, जिसके जरिए वे पूरे देश को एकसूत्र में बांधना चाहते थे। उन्होंने कहा कि रातू फ्लाईओवर का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम कर यह उनके योगदान को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# भारी बारिश से नामकुम में तबाही, जोरार पटियादोन में घर और गाड़ियां डूबीं

# द्वारिका अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर जलमग्न, मरीज ऊपरी मंजिल पर हुए शिफ्ट

## पानी के बढ़ते स्तर से घबड़ाये लोगों ने प्रशासन ने मांगी मदद, पुलिस-प्रशासनिक अधिकारिओं ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** क्षेत्र में मंगलवार की सुबह से हो रही मूसलधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। जोरार स्थित सिपाही नदी में आए उफान के कारण पटियादोन मुहल्ला जलमग्न हो गया। नदी का पानी कई घरों में घुस गया, जिससे दर्जनों परिवारों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। कई गाड़ियां पानी में डूब गईं और लोग अपने ही घरों में कैद हो गए। बाढ़ जैसी स्थिति में घबराए लोगों ने प्रशासन से फोन पर मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही नामकुम थाना के एएसआई ललन सिंह और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता अशोक गोप मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया। बताया जा रहा कि पुरूलिया रोड स्थित सिपाही नदी पर एक नया पुल निर्माणाधीन है। इस दौरान पानी को नियंत्रित करने के लिए बांध बनाया गया था।



लेकिन लगातार बारिश के कारण नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ा और पानी रिहायशी इलाकों में घुस गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते राहत कार्य शुरू नहीं होता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं लोगों का गुस्सा निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग के खिलाफ फूट पड़ा है। अब तक किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन भारी संपत्ति का नुकसान बताया जा रहा है। फिलहाल प्रशासन ने लोगों को अस्थायी शेल्टर में पहुंचाया है। जबकि लोगों की मांग है कि संबंधित निर्माण एजेंसी पर



कार्रवाई की जाए। दूसरी ओर, पुरूलिया पथ निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और संवेदक की घोर लापरवाही का भयावह परिणाम बुधवार की रात हुई पहली तेज बारिश में देखने को मिला। रोड पूरी तरह से नदी में तब्दील हो गई और आसपास के कई घरों में पानी घुस गया। मुहल्लावासियों का कहना है कि पहले यह पुल मजबूत और पर्याप्त चौड़ाई वाला था, लेकिन रोड चौड़ीकरण के नाम पर पुलिया को न सिर्फ छोटा किया गया, बल्कि कमजोर निर्माण कर खानापूर्ति कर दी गई। इससे जल निकासी की क्षमता बेहद कम हो गई है। बारिश होते ही पानी रिहायशी इलाकों और संस्थानों में भरने लगता है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि इस क्षेत्र का एकमात्र बड़ा अस्पताल द्वारिका हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर महिलौंग भी जलमग्न हो गया। अस्पताल के निचले तल्ले में पानी घुस जाने के कारण मरीजों को ऊपरी मंजिल में शिफ्ट किया गया है। वहीं, अस्पताल की पार्किंग में खड़ी गाड़ियां पानी में तैरती नजर आ रही है। मरीजों के परिजन और स्थानीय लोग बेहद परेशान है। चारों ओर पानी भरने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। इधर अस्पताल को जलभराव से बचाने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने संबंधित निर्माण एजेंसी और पथ निर्माण विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मानसून के आगमन की पूर्व जानकारी होने के बावजूद आवश्यक तैयारी नहीं की गई और निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई, जिससे आज यह संकट उत्पन्न हुआ है।

## लगातार बारिश से नदी-तालाब एवं खेत में भरा पानी



लापुंग (आजाद सिपाही)। लगातार हो रही बारिश से कारो नदी उफान पर है। लापुंग के इर्द गिर्द खेत में पानी भर गये हैं। खेत खलिहान में पानी से लबालब है। किसान एक तरफ से खुश है तो दूसरी तरफ मिट्टी के घर गिरने की संभावना से चिंतित हैं। लापुंग में खेती बाडी के काम बारिश के छूटते ही शुरू हो जायेंगें।

## आजसू 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनायेगा स्थापना दिवस



नामकुम (आजाद सिपाही)। आजसू 22 जून को अपना स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। इस अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जिसे झारखंड के वीर शहीदों को समर्पित किया गया है। इसे लेकर गुरुवार को नामकुम तुपुदाना ग्रोसरी मार्ट में प्रखंड स्तरीय तैयारियों को लेकर बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता नामकुम प्रखंड सचिव राजू उरांव ने की। बैठक में उपस्थित महिला जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी ने कहा कि बलिदान दिवस झारखंड की अस्मिता और शहीदों की गौरवगाथा को समर्पित है। वहीं, पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने राज्य की गठबंधन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में झूठ और लूट की राजनीति चल रही है। 1932 खतियान और पेशा कानून जैसे मुद्दों पर झारखंडियों को गुमराह किया जा रहा है, जो वीर शहीदों के बलिदान का अपमान है। उन्होंने खिजरी विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में लोगों से बलिदान दिवस में शामिल होने की अपील की। बैठक में सभी पंचायतों से चूल्हा प्रमुख, ग्राम प्रभारी, पंचायत प्रभारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं के शामिल होने की योजना बनाई गई। इस मौके पर जिला सचिव कुदरत शेख, मुकेश नायक, राजू टोप्पो, छोटू नायक, राजा नायक, सतीश तिर्की, मधु सिंह बिनझिया, मिनाज अंसारी, अनीश नायक, राम उरांव, गांधी उरांव, बालिंग लोहारा, सूरज सिंह और गाजू नायक आदि मौजूद थे।

## पर्यटक मित्रों ने हुंडरू फॉल में चलाया नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

सिकिदीरी (आजाद सिपाही)। हुंडरु जलप्रपात पर्यटन स्थल में गुरुवार को पर्यटक मित्रों ने मादक पदार्थ एवं नशापान के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया। पर्यटक मित्रों एवं दुकानदारों ने मादक पदार्थ-नशापान के खिलाफ नशे की लत छोड़े, जीवन से नाता जोड़े, अपने नसो में नशा नहीं, जिंदगी को दौड़ने दीजिए आदि नारा लगा रहे थे। जागरूकता अभियान में जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार और रोशन कुमार ने शामिल हुए। इस दौरान हुंडरु फॉल आने पर्यटकों को मादक पदार्थ एवं अन्य प्रकार के नशापान से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही पर्यटन स्थल में मादक पदार्थ एवं नशापान करते हुए पकड़े जाने पर होने वाली कार्रवाई, सजा और जुर्माना आदि की जानकारी दी गयी। इस मौके पर राजकिशोर प्रसाद, बालेश्वर बेदिया, राजेश बेदिया, हरिचरण बेदिया, बुधराम बेदिया, जीतवाहन भोगता, विष्णु बेदिया, रंजन बेदिया, नागेश्वर बेदिया, मेघनाथ बेदिया, मनोज बेदिया आदि मौजूद थे।

## सेल्फी की लत ने ली जान, गोताखोरों की मदद से तलाश जारी

# जोन्हा फॉल में पानी के तेज धार में बहे डीपीएस स्कूल के शिक्षक

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** भारी बारिश के बीच जोन्हा फॉल घूमने पहुंचा रांची का एक पर्यटक गुरुवार को पानी के तेज बहाव में बह गया। प्रशासन उसकी तलाश में जुटी है। उनकी पहचान माइकल घोष (40) के रूप में हुई है। वह रांची के अलकापुरी डीबडीह के रहने वाले हैं, जो रांची डीपीएस स्कूल में म्यूजिक शिक्षक हैं। बताया जा रहा कि माइकल घोष गुरुवार की दोपहर अपने स्कूल के ही दो शिक्षक साथी पंकज श्रीवास्तव और ऋतिक समद के साथ कार से जोन्हा फॉल घूमने गये थे। इस दौरान तीनों दोस्त झरने के ऊपर उस स्थान पर चले गए जहां से काफी तेज गति से पानी का



मृतक माइकल घोष की तस्वीर।

बहाव झरने में होता है। तीनों साथी झरने के खुबसूरत नजारे का लुत्फ उठा रहे थे। तभी माइकल तेज बहाव के बिल्कुल करीब पहुंच कर सेल्फी लेने लगा। इस क्रम में उसका संतुलन बिगड़ गया और देखते ही देखते पानी के तेज रफ़्तार में बह गये। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानेदार हीरालाल शाह ने स्थानीय पर्यटन मित्रों और ग्रामीणों की मदद से शव की काफी तलाश की पर भारी बारिश के चलते कहीं पता नहीं चला। पर्यटन मित्रों का कहना है कि बारिश थमने के बाद ही तलाशी संभव हो पाएगा।

## हुंडरू फॉल में डूबने से बचाया गया पर्यटक

सिकिदीरी (आजाद सिपाही)। पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले से हुंडरु फॉल घुमने आये पर्यटक कृष कुमार (35) को पानी की तेज धार में बहने से बचा लिया गया। घटना गुरुवार की दोपहर दो बजे की है। कृष अपने चार दोस्त के साथ हुंडरु फॉल घुमने आया था। झरना के उपरी साईड महादेव मंदिर के डेंजर जोन में जाकर सेल्फी ले रहा था। तभी अचानक पैर फिसल गया और वह पानी की तेज धार में बहने लगा। हालांकि एक पत्थर में जाकर अटक गया। दोस्तों ने शोर मचाया तो ड्यूटी पर तैनात पर्यटक मित्र राजकिशोर प्रसाद एवं जितवाहन भोगता मौके पर पहुंच गये और अपनी जान जोखिम में डाल कर पानी के तेज धार से घूस कर उसे बाहर निकाला।

## भारी बारिश ने तोड़ी बेड़ो के किसानों की कमर

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हो रही मूशलधार बारिश के चलते सभी 17 पंचायत के सभी 76 गांवों के सैकड़ों किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। लगातार बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित होने के साथ ही किसानों की फसलें भी बर्बाद हो गई हैं। एक भी ऐसा कोई गांव नहीं जहां जलजमाव की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई हो। वहीं, फसलों को पानी में डूबा देख किसान हताश-परेशान हैं। उन्होंने प्रशासन से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग की है। किसानों का कहना है कि बेड़ो, नगड़ी टोली, ईंटा चिन्द्री, चरिमा, घाघरा, करांजी, जरिया, टेंगरिया, खत्रीखटंगा, टेरो, डहुटोली, पुरियो, फादिलमर्चा, केशा और जरिया सहित कई गांवों में फसलें बर्बाद हुई हैं। **खेत हुए पानी-पानी :** प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों की बारिश से खेतों में लबालब पानी भर गया है। किसान ब्रजेश महतो, भीम महतो, राजू महतो, इंद्रजीत महतो, मनोहर बैक, सुशांत बेक, बिगा उरांव, ब्रजेश महतो, बजरंग महतो, बुधनाथ महतो और पवन महतो ने बताया कि भारी बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। किसानों के पास धान बीज खरीदने तक के पैसे नहीं हैं। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से तत्काल मुआवजे की मांग की है।

## भारी बारिश से चौतरफा मार झेलने को किसान मजबूर

इटकी (आजाद सिपाही)। लगातार हो रही भारी बारिश से इटकी क्षेत्र के किसान चौतरफा मार झेलने को मजबूर हो रहे हैं। खेतों में लगी फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुके हैं, जबकि कुछ बर्बाद होन की कगार पर है। जिसमें फूलगोभी, बांधागोभी, शिमला मिर्च, हरी मिर्च और मकई आदि फसलें खेतों में ही खराब होने को हैं। शियार टोली निवासी किसान दिलीप महतो ने एक एकड़ से भी अधिक बैंगन की खेती की है। जबकि दिलीप की मानें तो उनकी खेते में लगे पौधे मरने भी लगे हैं। वहीं विष्णु महतो, विनोद महतो, राजेश्वर महतो आदि किसानो के खेतों में लगे फसल अदरक एवं ओल बर्बाद हो रहे हैं।

## बेड़ो में बीडीओ ने की प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को बीडीओ राहुल उरांव की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक हुई। बीडीओ ने कहा कि मनरेगा के अतिरिक्त अन्य सभी विकास योजनाओं से संबंधित सभी पैरामीटर में बेहतर प्रदर्शन जरूरी है। जो पूरी निष्ठा के साथ समय पर कार्य का निष्पादन किए बिना संभव नहीं हो सकता। उन्होंने पीएम आवास एवं अबुवा आवास शत प्रतिशत ओंगोइंग करने और कार्य में प्रगति लाकर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने 21 जून को प्रत्येक पंचायत के अमृत सरोवर स्थल पर योग दिवस आयोजित करने का निर्देश दिया। कहा कि यह विश्व स्तर में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण दिवस है। जिसका सफल आयोजन हर पंचायत स्तर पर किया जाना है। उन्होंने आम महोत्सव की तैयारी के संबंध कई निर्देश दिया। कहा कि यह खुशी की बात है कि रांची जिला में इसका चयन आम महोत्सव के लिए किया गया है। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, फारूक नदीम, पुरुषोत्तम भाई पटेल, सद्दाम हुसैन, अभय आशीष कोया, सुरेश लिंडा एवं अभय खलखो समेत पंचायत सेवक आदि मौजूद थे।

## चौथे दिन सुलझाये गये 11 ममाले

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। रांची मध्यस्थता केंद्र में आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के चौथे दिन गुरुवार को 11 मामलों में सफलता मिली। इस दौरान परिवार न्यायालयों से कुल 35 मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केंद्र में आये, जिन्हें अलग- लग मध्यस्थों को सौंप दिया गया। इससे कुल 11 मामलों में सफलता मिली और दोनों पक्ष अपने मामले को समाप्त करने को तैयार हो गये।


झारखण्ड सरकार
कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कायपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

आवश्यक सूचना

कार्यालय पत्रांक 398 दिनांक 12.06.2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत **मैश फीड** की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रण की सूचना PR No. 354943 Lohardaga(25-26).D मैश फीड की निविदा प्रकाशित की गई थी जिसमें निविदा की निर्धारित तिथि 20.06.2025 को अपरिहार्य कारणवश स्थगित की जाती है। निदेशानुसार दिनांक 24.06.2025 को निविदा डालने का समय 11:30 बजे पूर्वा0 एवं निविदा खुलने का समय 12:00 बजे अपराह्न निर्धारित की जाती है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 355494 (Lohardaga)25-26*D


## तसर संस्थान में राष्ट्रीय तसर रेशम कृषि मेला सह संस्थान के 61वें स्थापना दिवस का आयोजन

# तसर रेशम के विकास के लिए मिल कर काम करने की जरूरत : गिरिराज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नगड़ी।** भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय रेशम बोर्ड के विभाग केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नगड़ी में गुरुवार को राष्ट्रीय तसर रेशम कृषि मेला सह इस संस्थान का 61वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित हुआ। जिसमें केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर बेंगलुरू केंद्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव पी शिवकुमार, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, भावसे के परितोष उपाध्याय एवं राज्य के मुख्य वन्य जीव वार्डन डॉ नरेश बाबू और नाबार्ड के महाप्रबंधक गौतम कुमार आदि उपस्थित रहे। स्थापना दिवस कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान के निदेशक डॉ एनबी




तसर रेशम कृषि मेला में पुस्तक का विमोचन करते केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एवं अन्य।

चौधरी ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। वहीं, केंद्रीय मंत्री एवं आमंत्रित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब से पी शिवकुमार, केंद्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव बने हैं तब से पूरे केंद्रीय रेशम बोर्ड में रेशम उत्पादन में बढोत्तरी हुई है। उन्होंने नाबार्ड के महाप्रबंधक गौतम कुमार से झारखंड में तसर रेशम कीटपालन करने वाले गरीब एवं आदिवासी किसान को आर्थिक मदद करने के लिए अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का एकमात्र देश है जहां रेशम की चारों प्रजातियां- शहतूत, तसर, मूगा एवं रेशम का उत्पादन होता है।

उन्होंने केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रांची के निदेशक डॉ एनबीचौधरी से अनुरोध किया कि प्रक्षेत्र में तसर रेशम कीटपालन के साथ ही उप-उत्पाद को भी बढ़ावा दें, ताकि इससे किसानों की आय में और बढ़ोत्तरी हो सके। कहा कि तसर रेशम कीट का गृह कीटपालन भी किया जाए और जहां कीटपालन किया जाए वहां पर एक सीसीटीवी कैमरा लगाया जाये, जिससे कीड़े की गतिविधि को रिकार्ड किया जा सके। अगर यह सफल होता है तो गृह कीटपालन से अधिक-से-अधिक तसर कीटपालक लाभान्वित होंगे। कहा कि तसर रेशमकीट को अर्जुन एवं आसन के पत्ते के अलावा दूसरे पौधे के पत्ते खिलाकार भी देखा जाए कि क्या दूसरे पौधे के पत्ते खाकर भी तसर रेशम कीट कोसा बना सकता है। उन्होंने केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, झारखंड वन विभाग एवं राज्य रेशम विभाग से तसर रेशम के विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व के तीन पीजीडीएस प्रशिक्षणार्थियों को स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया है। केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं बायोसेफ, रांची के साथ सरिहन इकोरेस एवं मोटराइज्ड तसर धागाकरण मशीन के लिए एमओयू भी किया गया।

इस दौरान तसर संस्थान की ओर से प्रकाशित छह पुस्तकों का केंद्रीय मंत्री एवं अन्य ने विमोचन भी किया। इस मौके पर भारत के विभिन्न राज्यों से आये वैज्ञानिक/तकनीकी कर्मचारी एवं किसान के अलावा कार्यक्रम संचालक डॉ जय प्रकाश पांडेय, वैज्ञानिक-डी एवं डॉ एनबी चौधरी आदि मौजूद थे।


JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

e-TENDER NOTICE

NIT No. – 214/PR/ JUSNL/ 2025-26

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, Supply, Erection, Testing & Commissioning of 01 no. 50 MVA Power Transformer, 01 nos. 33 kV Bays, 01 no. Gantry Tower, 01 no. Gantry Beam & associated work at 132/33 kV GSS, Daltonganj on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 7,88,98,366.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 15,78,000.00 (On line mode) |
| Completion Period | 09 (Nine) Months |
| e-Tender fee | Rs. 15,000.00 + 18% (Online mode). |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 20.06.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 20.06.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 10.07.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 11.07.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, D&M (NWBP)
JUSNL, Ranchi

PR 355456 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26).D

# आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल और प्रणामी को





झारखंड के अग्रणी मीडिया संस्थान आजाद सिपाही की ओर से 'आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड' की शुरुआत की गयी है। इसके तहत झारखंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और हस्तियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। आयोजन की पहली कड़ी में गुरुवार 19 जून, 2025 को प्रतिष्ठित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल और प्रणामी रियल इस्टेट को प्रमाण पत्र दिया गया। आजाद सिपाही परिवार की ओर से प्रबंध निदेशक राहुल सिंह, महाप्रबंधक पशुपति सिंह, प्रसार प्रबंधक नामधारी प्रसाद, मार्केटिंग हेड मुकेश सिंह और सीनियर एग्जिक्यूटिव अभिषेक कुमार ने जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल सुनील कुमार और निदेशक अमन सिंह (बायें) और प्रणामी रियल इस्टेट के सीएमडी बिजय कुमार अग्रवाल को प्रमाणपत्र सौंपा।






























































## बारिश से बरमसिया रेल ओवरब्रिज की दीवार ढही

- -रेल ट्रैक पर मिट्टी गिरी, यातायात प्रभावित
- - स्थानीय लोगों ने लगाया अस्थाई अवरोध



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद जंक्शन के पास स्थित बरमसिया रेल ओवरब्रिज की दीवार गुरुवार की सुबह ढह गई। यह पुल हावड़ा-धनबाद-गया रेल खंड पर स्थित है। स्टेशन से लगभग 1-2 किलोमीटर की दूरी पर हुई। इस घटना में पुल की बुनियाद से मिट्टी और कंक्रीट रेल ट्रैक पर जमा हो रहा है। वर्तमान में नया बाजार ओवरब्रिज की मरम्मत के कारण शहर का अधिकांश यातायात बरमसिया ओवरब्रिज से होकर गुजर रहा है। इस घटना से न केवल रेल परिचालन बल्कि सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ है। वहीं, स्थानीय लोगों की मानें तो, मानसून की शुरूआती बारिश ने ही शहर की व्यवस्था को प्रभावित कर दिया है। विनोद नगर स्थित सदर थाना क्षेत्र में स्थित इस पुल की क्षति से आवागमन की समस्या उत्पन्न हो गई है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से स्थानीय निवासियों ने पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से पर अस्थाई अवरोध लगा दिया है। धनबाद रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक मोहम्मद इकबाल ने इस घटना की जानकारी होने की पुष्टि की है। हालांकि रेल प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## 30 मई को बरामद शव की हुई पहचान प्रेम प्रसंग में हत्या, आरोपी गिरफ्तार

### मुख्य आरोपी ने अपना अपराध स्वीकारा, पत्नी एवं दो बेटियां भी पुलिस की गिरफ्त में

हत्या में इस्तेमाल वाहन भी बरामद, आरोपित को घटनास्थल पर ले गयी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** थाना क्षेत्र के तारगा जंगल में विगत 29 मई को एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। जिसकी पहचान गीता देवी के रूप में हुई है। वह विगत 28 मई से लापता थी। उसके परिजनों ने 30 मई को बालीडीह थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस बीच पुलिस को पता चला कि गीता देवी की हत्या की गयी थी। जिसके बाद महुदा पुलिस ने मौत की गुत्थी को सुलझाते हुए बुधवार की रात बालीडीह निवासी संजय साव को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसकी पत्नी एवं दो बेटियों को भी हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों की मानें तो पूछताछ में संजय साव ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।





मृतका गीता देवी की फाइल फोटो। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी संजय साव।

### आखिरी बार संजय के साथ दिखी थी मृतका

गीता देवी के पुत्र अमित चौधरी ने थाने में शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया था कि उनकी मां आखिरी बार संजय साव के साथ सेक्टर-4 की ओर जाती दिखी थी। इस संबंध में अखबारों में गुमशुदगी का इश्तेहार भी प्रकाशित कराया गया था। जिसके बाद महुदा पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बालीडीह थाना से समन्वय स्थापित कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल्स की मदद से पुलिस ने गीता की हत्या में इस्तेमाल वाहन की पहचान की। इसके आधार पर संजय साव को हिरासत में लिया गया। पुलिस की मानें तो पूछताछ में आरोपी संजय साव ने गीता देवी की हत्या की बात स्वीकार की है। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस ने अभी तक इस पर औपचारिक बयान देने से इनकार किया है। गुरुवार की सुबह पुलिस संजय साव को घटनास्थल पर लेकर गई, जहां गीता का शव बरामद हुआ था। साथ ही हत्या में इस्तेमाल वाहन को जब्त कर लिया गया है। इस मामले की जांच महुदा पुलिस निरीक्षक ममता कुमारी और थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद के नेतृत्व में की जा रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले से जुड़ी और जानकारियां जुटाने में लगी है।

## चुनाव प्रचार के दौरान पुलिस केंद्र बोकारो में सभा आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के छठे महाधिवेशन को लेकर गुरुवार को चुनाव प्रचार किया गया। मृत्युंजय कुमार सिंह कोषाध्यक्ष बोकारो की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष कर्ण सिंह, महामंत्री रमेश उराव, सयुंक्त महामंत्री स्टीफन सोरेन, गबरियल सोरेन, अमित तिवारी, सबीलूर रहमान खान, मृत्युंजय कुमार, परमेश्वर महतो, सरफराज खान, सचिदानंद राय, संजय राम अविनाश कुमार राय, निर्भय राज, प्रदीप टोपो, उपेंद्र पांडेय, युगल मुंडा, पंकज तिवारी, माइकल तिर्की प्रदीप यादव की टीम चुनाव प्रचार के दौरान पुलिस केंद्र बोकारो स्थित सभागार में पुलिसकर्मियों डेलीगेट प्रतिनिधियों के साथ सभा की और अपने किये कार्यों को उन सभी के बीच रखे। साथ ही सरकार स्तर में लंबित समस्यों का निपटारा नहीं होने के कारण सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की और सभी सदस्यों को टीम के प्रत्याशियों ने आश्वस्त किया गया कि चुनाव पश्चात सरकार स्तर में समस्याओं के लिए पूरी ताकत पूरी ऊर्जा के साथ सरकार से मांग करेगी। सरकार द्वारा आनाकानी करने पर आंदोलन किया जायेगा। बोकारो के सभी मतदाताओं ने कर्ण सिंह के टीम को सराहा और पूर्ण समर्थन की घोषणा की गयी।

## बायोमीट्रिक मशीन और बैटरी चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार, गया जेल



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के भूलन बरारी कोलियरी कार्यालय से विगत दिनों बायोमेट्रिक मशीन और उसकी बैटरी चोरी के मामले में जोरापोखर पुलिस ने बुधवार को झरिया बाटा मोड़ में छापामारी कर आरिफ खान उर्फ भूरा नामक युवक को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने बताया कि 13 जून की रात को अज्ञात चोरों ने कोलियरी ऑफिस परिसर से मजदूरों की हाजरी बननेवाली मशीन और बैटरी की चोरी कर ली थी। इसे लेकर प्रबंधक एस शील ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक टीम गठित कर छानबीन की गयी तो घटना में शामिल झरिया बाटा मोड स्थित केशरी धर्मशाला के पास के रहनेवाला मो आरिफ खान उर्फ भूरा के नाम का खुलासा हुआ, जिसे छापामारी कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरिफ की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गई बायोमेट्रिक मशीन को भी बरारी स्थित तलाव से बरामद कर लिया है। छापामारी दल में पाथरडीह थाना प्रभारी अंशु कुमार, जोरापोखर के एसआई अनुप कुमार और प्रताप उरांव आदि शामिल थे।

## चलती ट्रेन के आगे कूदा दंपती, पत्नी की मौत



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पुटकी थाना क्षेत्र के करकेंद रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर गुरुवार को एक दंपती ने चलती ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस घटना में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान पुटकी बाउरी टोला निवासी जया मोदी के रूप में की गई। जबकि पति अमित बाउरी इस घटना में घायल है। उसने बताया कि घरेलू विवाद से परेशान होकर गोमो-खड़गपुर सवारी गाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। वहीं, घायल अमित बाउरी ने बताया कि मैंने जया मोदी के साथ कुछ दिन पहले ही प्रेम विवाह किया था। पर परिवार वालों ने कोई सहयोग नहीं किया। हर रास्ता हमलोगों के लिए बंद कर दिया। हमलोग कहीं और जा कर भी नहीं रह सकते थे। विवश होकर हमलोगों ने जान देने की ठान ली। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पुटकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घायल अमित को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, पुटकी थाना प्रभारी वकार हुसैन ने बताया कि मामला घरेलू विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। दंपती ने आपसी सहमति से आत्महत्या का प्रयास किया, जिसमें पत्नी की मौत हो गई और पति घायल हुआ है। पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर लिया है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है। दोनों के परिवार से पूछताछ जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## यूपीएस चुनने वाले कर्मचारियों को भी मिलेगी ग्रेच्युटी : मो जियाउद्दीन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एनपीएस अंतर्गत आने वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों विशेषकर रेलकर्मियों के लिए राहत भरी खबर है। अब वैसे एनपीएस के अधीन आने वाले कर्मचारी जो यूपीएस का विकल्प चुनेंगे उन्हें सेवानिवृत्ति पर ओल्ड पेंशन योजना की भांति ही ग्रेच्युटी का भी लाभ मिलेगा। उक्त जानकारी इसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पीएनएम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने दी। गुरुवार को उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार ने एनपीएस के कर्मचारियों को पेंशन की गारंटी देते हुए यूपीएस का प्रावधान चुनने का विकल्प मांगा है, लेकिन यूपीएस के अधीन सेवानिवृत्ति परिलाभों के प्रति कर्मचारियों में काफी झिझक बनी हुई है। इसे स्पष्ट करने के लिए इसीआरकेयू सहित सभी जोनल यूनियनों ने एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा को अनुरोध किया था। बतातें चलें कि गोपाल मिश्रा संयुक्त परामर्श दात्री संस्था के राष्ट्रीय समिति के सचिव भी हैं। यह संस्था ही केंद्र सरकार के समस्त कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं विभिन्न मांगों के समाधान के लिए कार्मिक विभाग से संवाद करने के लिए अधिकृत है। फेडरेशन के पहल पर कार्मिक विभाग ने 18 जून को पत्र जारी कर यह बताया है कि जो कर्मचारी यूपीएस का विकल्प चुनेंगे उन्हें सेवानिवृत्ति पर ओल्ड पेंशन योजना की भांति ग्रेच्युटी का भी लाभ मिलेगा। ग्रेच्युटी की रकम एक जनवरी' 2025 से अधिकतम 25 लाख निर्धारित है। वहीं. एआइआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा ने कहा कि फेडरेशन की यह नीति है। भविष्य में यूपीएस के वर्तमान प्रावधानों में व्यापक सुधार कराने के लिए लगातार संघर्ष जारी रहेगा। उसे ओपीएस के प्रावधानों के अनुरूप ही करवा दिया जाएगा। इस बीच यूपीएस का विकल्प चुनने के लिए पूर्व निर्धारित तिथि 30 जून को आगे बढ़ाने के लिए भी एआइआरएफ प्रयास कर रहा है। मौके पर इसीआरकेयू के सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, केंद्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष एवं सोमेन दत्ता, मीडिया प्रभारी एनके खवास, धनबाद मंडल के इसीआरकेयू के शाखा सचिव जितेंद्र कुमार साव आदि थे।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

74वीं औपबंधिक सूची
जिला–रामगढ़ (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भुवनेश्वर महतो एवं कृष्णा कुमार महतो द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–262/25<br>2. आवेदक–मुरली महतो , पिता–स्व0 फागु महतो<br>3. ग्राम–सोसो खुर्द , पोस्ट–सोसो कलां , थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–263/25<br>2. आवेदक–दुर्गा चरण महतो , पिता–फागु महतो<br>3. ग्राम–सोसोखुर्द , पोस्ट–सोसोकलां, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–499/25<br>2. आवेदक–सुरेश महतो , पिता–शांति महतो<br>3. ग्राम–डुण्डाडीह , पोस्ट–दुर्गापुर , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें कंधा में दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–264/25<br>2. आवेदक–अभय कुमार महतो , पिता –स्व0 अवध किशोर महतो<br>3. ग्राम–सोनडीमरा, पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–500/25<br>2. आवेदक–मुकेश महतो , पिता–स्व0 मेघु महतो<br>3. ग्राम–हँसलता , पोस्ट–दाँतु , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अर्जुन राम एवं कार्तिक महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष दिये गये बयान तथा पहचान के आधार पर। | | |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–265/25<br>2. आवेदक–ललकु बेदीया , पिता–स्व0 भयरो बेदिया<br>3. ग्राम–साडम , पोस्ट–साडम , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–315/25<br>2. आवेदक–रामेश्वर मांझी , पिता–दलुवा मांझी<br>3. ग्राम–बनुवाडीह , पोस्ट–हाकेदाग , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह– छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–266/25<br>2. आवेदक–जादुमनी देवी , पति–ललकु बेदिया<br>3. ग्राम–मौंचाटॉड, पोस्ट–साडम , थाना–गोला प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह– हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–267/25<br>2. आवेदक–परदेशी बेदिया , पिता–हरखु बेदिया<br>3. ग्राम–भुभुई, पोस्ट–मुरपा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–268/25<br>2. आवेदक–दिनेश बेदिया(आश्रित पुत्र) पिता–महेश राम बेदिया (आंदोलनकारी)<br>3. ग्राम–चोकर बेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–29 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–269/25<br>2. आवेदक–मनोज मांझी , पिता–स्व0 शिव नारायण मांझी<br>3. ग्राम–उड़ूसाडम, पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कान में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–270/25<br>2. आवेदक–कालीचरण मांझी पिता–होपन मांझी<br>3. ग्राम–नवाडीह (टोला उड़ूसाडम), पोस्ट–सोनडीमरा , थाना– बरलंगा प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में बायें तरफ बन्दूक से कूचने का घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–316/25<br>2. आवेदक–फनीभूषण नायक , पिता–बढना नायक<br>3. ग्राम–गेरेबीर टेटेबंदारामपुर , पोस्ट–रामपुर , थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आँख में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–317/25<br>2. आवेदक–विसम बेदिया , पिता –माघव बेदिया<br>3. ग्राम–बनुवाडीह, पोस्ट–रामपुर , थाना– सिल्ली प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना तरफ पेट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–271/25<br>2. आवेदक–जयन्ती देवी ,पति–डोमन नायक<br>3. ग्राम–बरलंगा, पोस्ट–बरलंगा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–272/25<br>2. आवेदक–दीनानाथ सिंह मुंडा , पिता –स्व0 गोपेश्वर सिंह मुंडा<br>3. ग्राम–कोराम्बे , पोस्ट– कोराम्बे, थाना–गोला, प्रखण्ड– गोला<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–273/25<br>2. आवेदक–जयनंदन पहान , पिता –स्व0 भिखन पहान<br>3. ग्राम–कुल्ही, पोस्ट–पोटमदगा , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड– दुलमी<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–274/25<br>2. आवेदक–लालु महतो , पिता –स्व0 जयपाल महतो<br>3. ग्राम–कुल्ही , पोस्ट–कुल्ही , थाना– रजरप्पा, प्रखण्ड– दुलमी<br>4. लिंग– पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–275/25<br>2. आवेदक–धनेश्वर मांझी , पिता–होपन मांझी<br>3. ग्राम–उड़ूसाडम, पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–276/25<br>2. आवेदक–हीरालाल मांझी , पिता–शिवदास मांझी<br>3. ग्राम–उड़ूसाडम, पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–277/25<br>2. आवेदक–लालु मांझी , पिता–किनुराम मांझी<br>3. ग्राम–उड़ूसाडम, पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–278/25<br>2. आवेदक–बबलु मांझी , पिता–मालोती<br>3. ग्राम–उड़ूसाडम, पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–279/25<br>2. आवेदक–गणेश करमाली , पिता–स्व0 रामकृष्ण करमाली<br>3. ग्राम–डीमरा, पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–आँख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–280/25<br>2. आवेदक–झुमा देवी ,पति–गणेश करमाली<br>3. ग्राम–डीमरा, पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–281/25<br>2. आवेदक–उर्मिला देवी, पति–कार्तिक महतो<br>3. ग्राम–सोकला, पोस्ट–सोनडीमरा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–282/25<br>2. आवेदक–दशरथ महतो, पिता–बालक राम महतो<br>3. ग्राम–साडम टोला जयन्ती, पोस्ट–साडम, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–283/25<br>2. आवेदक–सवनी देवी, पति–गुहीराम महतो<br>3. ग्राम–बड़की सरला, पोस्ट–संग्रामपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–284/25<br>2. आवेदक–जबुन देवी, पति–पोदो महतो<br>3. ग्राम–सरला कला, पोस्ट–संग्रामपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–285/25<br>2. आवेदक–रामेश्वर महतो, पिता–रघुनाथ महतो<br>3. ग्राम–सरला, पोस्ट–संग्रामपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं है। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–286/25<br>2. आवेदक–रामधन मुर्मू , पिता–ढेना मांझी<br>3. ग्राम–टुगरीडीह , पोस्ट–हेसापोडा , थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल का दाग । | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–287/25<br>2. आवेदक–सुखदेव गंजू , पिता–मुखिया गंजू<br>3. ग्राम–उडी टाँड, पोस्ट–हंसापोडा , थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में गोटी का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–288/25<br>2. आवेदक–दशरथ करमाली , पिता–दुबा करमाली<br>3. ग्राम–मुरपा , पोस्ट–भुभुई , थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–289/25<br>2. आवेदक–जमनी देवी, पति–सुकदेव गंझू<br>3. ग्राम–गंघोनिया , पोस्ट–हेसापोडा , थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें साइड गाल में तिल | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–318/25<br>2. आवेदक–शीला देवी, पति–बहादुर मांझी<br>3. ग्राम–अजयगढ , पोस्ट–अजयगढ , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–महिला, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–290/25<br>2. आवेदक–प्रकाश करमाली , पिता–तुलसी करमाली<br>3. ग्राम–चोकडबेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–291/25<br>2. आवेदक–श्री कान्त बेदिया , पिता–नारायण बेदिया<br>3. ग्राम–नवाडीह चोकडबेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आँख के नीचे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–292/25<br>2. आवेदक–गुदन देवी , पति– श्री कान्त बेदिया<br>3. ग्राम–नवाडीह चोकडबेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के नीचे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–293/25<br>2. आवेदक–मालती देवी , पति–महादेव बेदिया<br>3. ग्राम–उपर टोला कोराम्बे , पोस्ट–कोराम्बे , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में खोदा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–294/25<br>2. आवेदक–दिनेश्वर नायक , पिता–भोलो साव<br>3. ग्राम–रकूवा , पोस्ट–सूतरी , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–295/25<br>2. आवेदक–मोहरी देवी , पति–कलेश्वर बेदिया<br>3. ग्राम–भुभुई , पोस्ट–मुरपा , थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल का निशान | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–296/25<br>2. आवेदक–योगेन्द्र करमाली , पिता–स्व0 जतरू करमाली<br>3. ग्राम–कोराम्बे , पोस्ट–कोराम्बे , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आँख में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–297/25<br>2. आवेदक–बिमला देवी , पति–भृगु राम बेदिया<br>3. ग्राम–नवाडीह चोकडबेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–298/25<br>2. आवेदक–सोहराय बेदिया , पिता –रामा बेदिया<br>3. ग्राम–चोकर बेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बाजु में गोटी का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–299/25<br>2. आवेदक–योगेश्वर बेदिया , पिता–गेन्दु बेदिया<br>3. ग्राम–चोकरबेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में जला हुआ का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–300/25<br>2. आवेदक–गुलाम हुसैन , पिता–मोहम्मद गफुर<br>3. ग्राम–नवाडीह , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–आहिना जाँघ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–301/25<br>2. आवेदक–राजीव कुमार , पिता–सन्तनु राम महतो<br>3. ग्राम–बेल टोला , पोस्ट–बड़की , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–302/25<br>2. आवेदक–सुमन देवी ,पति–राजेश करमाली<br>3. ग्राम–उलादका , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ कनफटी में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–303/25<br>2. आवेदक–श्रीपद बेदिया , पिता–रूनवा बेदिया<br>3. ग्राम–चोकडबेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पेट के और तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–304/25<br>2. आवेदक–गौरी देवी , पति–गोस्वामी राम बेदिया<br>3. ग्राम–चोकरबेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर के उपर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–305/25<br>2. आवेदक–सनिचरीया देवी , पति–प्रभाय बेदिया<br>3. ग्राम–चोकरबेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के अंगूली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–306/25<br>2. आवेदक–मो0 बासो देवी , पति–अवघ बेदिया<br>3. ग्राम–चोकरबेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के अंगूली में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–307/25<br>2. आवेदक–बारन राम मांझी , पिता–शनिचर मांझी<br>3. ग्राम–नावाडीह , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–308/25<br>2. आवेदक–लखिमनी देवी , पति–मोहरलाल बेदिया<br>3. ग्राम–रमहारू , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ घुटना के उपर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–309/25<br>2. आवेदक–कोकली देवी , पति–जगदीश करमाली<br>3. ग्राम–घाघरा , पोस्ट–कोराम्बे , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ घुटना पर दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–310/25<br>2. आवेदक–साहेब राम बेदिया , पिता–रामु बेदिया<br>3. ग्राम–रमहारू , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ घुटना में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–311/25<br>2. आवेदक–कोशिला देवी , पति–किस्टोचरण बेदिया<br>3. ग्राम–चोकरबेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें नाक के तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–312/25<br>2. आवेदक–शान्ति देवी , पति–चौठा बेदिया<br>3. ग्राम–चोकरबेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–313/25<br>2. आवेदक–नागेश्वर बेदिया , पिता–कन्हाई बेदिया<br>3. ग्राम–चोकरबेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कंधा पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–314/25<br>2. आवेदक–सान्तो देवी , पति–बिनोद बेदिया<br>3. ग्राम–चोकडबेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–315/25<br>2. आवेदक–बुधनी देवी , पति–स्व0 रघु मुण्डा<br>3. ग्राम–चोकडरबेडा , पोस्ट–सोनडीमरा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के नीचे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो)<br>सदस्य | (नरसिंह मुर्मू)<br>सदस्य | (दुर्गा उराँव)<br>अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 355461 (Home) 25-26 (D)

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेसियों ने किया रक्तदान




गुमला (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल गुमला में जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। राहुल गांधी के जन्मदिन पर अयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी ने किया। मौके पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा राहुल गांधी शोषितों दलितों आदिवासीयों तथा पिछड़ों के लिए समाजिक न्याय की लड़ने वाले एक ऐसे नेता हैं, जिनकी आज देश को जरूरत है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अंजलिंता बाड़ा, सिसई विधानसभा अध्यक्ष निलेश उरांव, जिला सचिव साबिर खान, उज्ज्वल सिन्हा, सुशील उरांव उपस्थित थे।

## गुमला में जाम से लोग परेशान थाना प्रभारी ने बस एसोसिएशन के साथ की बैठक

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला शहर में जाम की समस्या से आमजन काफी परेशान है। प्रतिदिन लोगों को जाम की समस्या से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर मंगलवार और शनिवार को साप्ताहिक बाजार होने से शहर में ज्यादा जाम हो जाती है। बस स्टैंड से निकलने के बाद शहर के मुख्य मार्गों में बसों की धीमी गति और सवारी को यत्र तत्र उतारने और चढ़ाने को लेकर भी सड़क पर जाम लगी रहती है। मामले को लेकर सदर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने बस एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की। बैठक में शहर को जाम मुक्त करने पर चर्चा की गयी। थाना प्रभारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बस स्टैंड से निकलने के बाद निर्धारित स्थल पर ही बस का स्टॉपेज हो और यात्रियों को उतारा चढ़ाया जाए। शहर को जाम मुक्त करने को लेकर आगामी रविवार की अपराह्न 4 बजे बस स्टैंड परिसर में बस संचालकों, एजेंट और चालकों के साथ बैठक रखी गयी है। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि शहर में बसों के अलावा ऑटो चालकों की मनमानी बढ़ गयी है। शहर में जहां-तहां ऑटो को बेतरतीब लगाने और सवारियों को उतारने चढ़ाने वालों पर कार्रवाई की जायेगी और उनसे जुर्माना भी वसूला जायेगा।


**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र**

शुद्धि पत्र सं. डब्ल्यू 584/ई–टेंडरिंग /92–DHN-2025-26, धनबाद, दिनांक 17.06.2025
यह पुनः सूचित किया जाता है कि ई–निविदा सं. 92– DHN-2025-26, दिनांक 30.05.2025 में ई–निविदा बंद होने की तारीख को 23.06.2025 को 12.00 बजे तक के बदले में 23.06.2025 को 14.00 बजे तक पढ़ा जाये।
ई–निविदा सं. 92– DHN-2025-26, दिनांक 30.05.2025 में दर्शायी गयी अन्य विवरण, नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव नहीं होगी।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण),
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/0436/डीएचएन/ईंजी./सी/25–26/20



**पूर्व मध्य रेल**

**भंडार विभाग**

**खुली निविदा बैच संख्या– 07/2025, दिनांक : 16.06.2025**
"आईआरईपीएस"– www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14:00 बजे है।
**क्र.सं.:** 02, **निविदा सं.:** 30255002 बी, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण** : सप्लाई एंड रेट्रो फिटमेंट ऑफ रूफ माउन्टेड एयर कंडिशनिंग सिस्टम विदाउट टु स्पेसिफिकेशन नंबरः आरडीएसओ/2007/ईएल/एसपीईसी/0055 आरईवी. 02 और लेटेस्ट, ईच सेट/ईच लोको सेट कोन्सिस्ट्स ऑफ 2 (two) नम्बर्स ऑफ कैब एसी, **मात्रा** : 63 सेट, **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय** : 09 जून 2025, 12:56 बजे।, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 09 जुलाई 2025, 14:00 बजे। प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आइआरईपीएस - www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

**सहायक सामग्री प्रबंधक, पूमरे, गोमो**
पीआर/0425/जीएमओ, सीएसडी/भंडार/टी/25–26/36



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।
ई–निविदा सं. : 02R-GSU-DHN-2025-26, क्र. सं. : 1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति इकाई) (सीपीएम/जीएसयू), धनबाद की परियोजनाओं के लिए सामान्य सलाहकार (जीसी) की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी), 24 (चौबीस महीने), कार्य की अनुमानित लागत (रू. में): ₹ 2,34,46,636.48, बयाने की राशि (रू. में): http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समयः ई–निविदा बंद होने की तारीख 08.07.2025 को 11:00 बजे तक, ई–निविदा खुलने की तारीख 08.07.2025 को 15:00 बजे से, वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।
नोट : (i) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/0428/डीएचएनजीएस/जीएस/टी/25–26/40



**शपथ पत्र**



शपथ पत्र संख्या 2198 दिनांक 19.06.2025 के अनुसार, मैं, शकुन्तला देवी पति- स्व० तुलसी साव, उम्र लगभग 70 वर्ष, निवास स्थान - ग्राम - नापोखुर्द, पोस्ट - गोसाई बलिया, थाना - बड़कागाँव, जिला हजारीबाग (झारखण्ड) पिन कोड - 825311 का निवासी हूँ, शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि :- 1. यह कि मेरे पति तुलसी साव (TULSHI SHAW) जो भारतीय रेलवे से सेवानिवृत हुए है। इनका पेंशन बुक के पूर्व PPO No - 30042820810 एवं वर्तमान PPO No -20107300400481 में मेरा नाम SAKUNTA DEVI दर्ज है।
2. यह कि मेरे वर्तमान आधार कार्ड संख्या 2459 9797 5540 में शकुन्तला देवी (SHAKUNTALA DEVI) दर्ज है।
3. यह कि SAKUNTA DEVI वो SHAKUNTALA DEVI दोनों नाम एक ही महिला का है, जो मैं स्वयं हूँ।
4. यह कि आज के बाद से मैं SAKUNTA DEVI के नाम से जानी जाऊँगी, तथा आज के बाद मैं अपने समस्त तरह की सभी कार्य शकुंता देवी (SAKUNTA DEVI) के नाम से करूँगी।
यह कि उपरोक्त कथन सही व सत्य है


# अपर समाहर्ता ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण, व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार गुरुवार की देर रात अपर समाहर्ता गुमला शशिंद्र कुमार बड़ाइक द्वारा सदर अस्पताल गुमला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल की संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा सुधार हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान मेडिसिन की उपलब्धता, ऑक्सीजन आपूर्ति एवं एसएनसीयू वार्ड में चिकित्सकीय सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गयी। निर्माणाधीन एलएमओ प्लांट का भी निरीक्षण किया गया, जहां कार्य प्रगति ठप पाये जाने पर संबंधित ठेकेदार से संपर्क स्थापित कर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

लेबर रूम की छत से हो रहे जल रिसाव की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल मरम्मत के निर्देश दिये गये। बेड की उपलब्धता की स्थिति का भी जायजा लिया गया। इसके अतिरिक्त अस्पताल में तैनात 10 होमगार्ड की संख्या बढ़ाकर 20 किये जाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात कही गयी।

अस्पताल में साइनेज बोर्ड अद्यतन करने की आवश्यकता को देखते हुए पुराने बोर्ड हटाकर नये साइनेज बोर्ड लगाने के निर्देश दिये गये। साथ ही मेडिसिन रजिस्टर, नर्स रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की जांच की गयी।

अस्पताल परिसर में पार्किंग की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने हेतु पुराने समाहरणालय भवन से सटी चाहरदीवारी को हटाकर नये पार्किंग स्थल विकसित करने का सुझाव दिया गया, जिसके लिए उपायुक्त महोदय से आवश्यक निर्देश प्राप्त कर कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही गयी। इसके अलावा 108 एंबुलेंस एवं ममता वाहन सेवा के लिए रूट चार्ट तैयार करने तथा नागरिकों को उसकी जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्ता ने राज्य सरकार की नवीन नीति की जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई गर्भवती महिला निजी वाहन से अस्पताल आती है, तो उसे 700 की राशि अस्पताल द्वारा दी जायेगी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में गर्भवती महिलाओं को निजी वाहन से भी शीघ्र अस्पताल लाएं, ताकि उन्हें समय पर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के अंत में आउटसोर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी हेतु रोस्टर तैयार करने एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

### निरीक्षण के लिए अनुमंडल पदाधिकारी भी पहुंचे सदर अस्पताल



गुमला। सदर अस्पताल गुमला में स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु जिले के वरीय पदाधिकारियों को कार्य दिवस आवंटित करते हुए निरीक्षण का दायित्व सौंपा गया है। इसी क्रम में 19 जून को अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज द्वारा गुरुवार के निर्धारित दिवस पर सदर अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपाधीक्षक सदर अस्पताल भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल परिसर में अनाधिकृत वाहनों के प्रवेश और पार्किंग व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त किया गया। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी की अनुपस्थिति पर कारण पृच्छा का निर्देश उपाधीक्षक को दिया गया और अस्पताल परिसर में ट्रैफिक नियंत्रण को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की बात कही गयी। निबंधन केंद्र में मरीजों की लंबी कतारें देखी गईं। कर्मियों द्वारा बताया गया कि इंटरनेट कनेक्टिविटी में समस्या के कारण निबंधन में देरी हो रही है। इस पर उपाधीक्षक को निर्देश दिया गया कि इंटरनेट व्यवस्था को अविलंब दुरुस्त कराया जाये, ताकि मरीजों को परेशानी न हो।

## आवासीय विद्यालय बसिया के छात्र का इंजीनियरिंग की मुफ्त कोचिंग प्राप्त करने के लिए हुआ चयन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बसिया।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया के कक्षा ग्यारहवीं का छात्र अलोक टोप्पो का चयन राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, जनजातीय कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंजीनियरिंग की कोचिंग प्राप्त करने के लिए हुआ है। ज्ञात हो कि दक्षणा फाउंडेशन, पुणे द्वारा परीक्षा ली गयी थी, जिसके बाद परीक्षा परिणाम के आधार पर राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति ने दो सेंटर आफ एक्सीलेंस बनाकर एक-एक केंद्र में 20 छात्रों को इंजीनियरिंग तथा 20 छात्रों को मेडिकल के कोचिंग की व्यवस्था की है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया से 89.20% अंक के साथ उत्तीर्णता हासिल करने वाले अलोक टोप्पो का चयन चनकापुर, महाराष्ट्र के सेंटर आफ एक्सीलेंस में इंजीनियरिंग की मुफ्त कोचिंग हेतु हुआ है। अलोक टोप्पो को चनकापुर के सेंटर आफ एक्सीलेंस में दो वर्षों के लिए इंजीनियरिंग की कोचिंग दी जायेगी। यहां पढ़ाई के साथ-साथ रहना-खाना व अन्य सभी सुविधाएं भारत सरकार द्वारा मुहैया करायी जायेगी। झारखंड के एकलव्य विद्यालयों से अलोक टोप्पो एकमात्र छात्र हैं, जिनका चयन राष्ट्रीय स्तर के इस कोचिंग संस्थान के लिए हुआ है। अलोक टोप्पो के इस सफलता से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य संजय कुमार सिंह, गुमला विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार तथा विद्या विकास समिति, झारखंड के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने अलोक टोप्पो को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन

**जारी।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत भवन में जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के तहत शिवीर मे भारी बारिश के बीच भी लाभुक व ग्रामीण लाभ लेने पहुंचे। वहीं जारी प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने कहा कि जारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जागरूकता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जनजातीय समुदाय को संतृप्त करने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया गया था और दुबारा से जारी प्रखंड के पांचो पंचायत में किया जायेगा। इन शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोगों ने भरी बारिश में भाग लिया।

## गुरु परमात्मा के प्रति शिष्यों में आकर्षण पैदा करते हैं : अवधेश

डुमरी (गुमला)। डुमरी शिव मंदिर के समीप गुरुवार को शिवगुरु परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ता के रूप में रांची के अवधेश कुमार तिवारी शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित लोगों के बीच मानव जीवन में गुरु की महत्ता एवं पुरातनकाल से चले आ रहे गुरु शिष्य परंपरा के बारे में अवगत कराया।

## ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में अनियमितता का लगाया आरोप

- बरसात की हल्की बूंदों में ही नयी सड़क महज 8 दिन में ही धंसने लगी है, इससे आये दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है



गुमला (आजाद सिपाही)। जारी प्रखंड के परमवीर विजेता अल्बर्ट एक्का के क्षेत्र अंतर्गत बेतरी मोड़ से गांव बेतरी तक बनायी गयी नयी सड़क महज 8 दिन में ही धंसने लगी है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि इस 2.5 किलोमीटर लंबे सड़क का निर्माण संवेदक श्याम बिहारी यादव के द्वारा कराया गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क का कालीकरण ठीक ढंग से नहीं किया गया था। बरसात की हल्की बूंदों में ही सड़क पर दरारें पड़ने लगीं हैं। और कई जगह डामर उखड़ने लगा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सड़क पर रोलर का ठीक से उपयोग नहीं किया गया है। जिससे वाइब्रेशन नहीं होने के कारण सड़क की सतह मजबूत नहीं हो सकी। वहीं भारी वाहनों के गुजरने से सड़क की मिट्टी दबने लगी है और जगह-जगह सड़क बैठने लगी है। इससे आये दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई स्थानों पर सड़क किनारे मिट्टी धंसने से गड्ढे बन गये हैं, जिससे वाहन पलटने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने इस निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। अगर जल्द ही इस सड़क की मरम्मत और जांच नहीं की गयी, तो इस सड़क में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकता है।

## सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगे 5 हजार : जिला परिवहन पदाधिकारी

गुमला (आजाद सिपाही) । दुनदुरिया में गुरुवार की अपराह्न 3 बजे मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान ड्राइवरो को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आये लोंगो को बताया गया कि यातायात नियमों और वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। वहीं गुड सेमिरिशन के बारे में अवगत कराया गया, जैसे मोटरवाहन जनित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करने के उद्देश्य से गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने में वाले नेक व्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु 2,000 हजार रुपये नगद के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना लागू है। किसी भी व्यक्ति के सड़क दुर्घटना के क्रम में घायल व्यक्ति को एक घंटा के अंदर (गोल्डन ऑवर में) अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपये की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिये जाने का प्रावधान किया गया है।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**